

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | रविवार, 09 मार्च 2025 | वर्ष: 03, अंक: 16, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## ईडी ने बिजनेस जेट जब्त किया

**हैदराबाद**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एक बिजनेस जेट जब्त की। सूत्रों के मुताबिक ईडी हैदराबाद के फाल्कन ग्रुप और उसके प्रमोटरों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। मामला साइबराबाद पुलिस की फाल्कन ग्रुप (कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड) के अमरदीप कुमार और अन्य के खिलाफ दर्ज एउआईआर से जुड़ा है। प्रमोटरों पर निवेशकों से 850 करोड़ रुपए की ठगी करने का आरोप है। आरोप है कि फाल्कन ग्रुप ने धोखाधड़ी वाले इनवॉइस डिस्काउंटिंग निवेश योजना के जरिए निवेशकों से 1700 करोड़ रुपए इकट्ठा किए। कुल फंड में से 850 करोड़ रुपए वापस कर दिए गए। 6,979 निवेशकों को भुगतान नहीं किया गया।

## मणिपुर में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट के पहले दिन हिंसा, 01 की मौत

**इंफाल**

**मणिपुर** में कुकी और मैतेई बहुल इलाकों में करीब 2 साल बाद फ्री ट्रैफिक मूवमेंट शुरू होते ही हिंसा भड़क उठी। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति को जोड़ने वाली सड़कों पर शनिवार को जैसे ही बसें चलनी शुरू हुईं, कुकी समुदाय के लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक पुरुष प्रदर्शनकारी की मौत हो गई।

# मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं...मोदी

## मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं क्योंकि मेरे पास करोड़ों माताओं और बहनों का आशीर्वाद है: मोदी

**नवसारी**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी जिले में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में कहा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं क्योंकि मेरे पास करोड़ों माताओं और बहनों का आशीर्वाद है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस दिन, गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं, तो कई लोगों के कान खड़े हो जाएंगे। आज पूरी ट्रॉल सेना मैदान में उतर जाएगी, लेकिन मैं फिर भी दोहराऊंगा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं, बहनों-बेटियों का आशीर्वाद है और ये आशीर्वाद निरंतर बढ़ता जा रहा है, इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में मां गंगा का आशीर्वाद मिला और आज मातृशक्ति के इस महाकुंभ में आप सभी माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिला। आज महिला दिवस का ये दिन, गुजरात की मेरी मातृभूमि और इतनी बड़ी संख्या में माताओं, बहन-बेटियों की ये उपस्थिति, इस विशेष दिन आपके इस प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए मैं मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करता हूं। मोदी ने कहा कि गुजरात की इस धरती से मैं सभी देशवासियों को, देश की सभी माताओं-बहनों को महिला दिवस की शुभकामनाएं भी देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन तलाक के मामले में मुस्लिम महिलाएं अपनी सुरक्षा के लिए कानून की मांग कर रही थीं।



## महिलाओं के बैंक खाते खोलकर उन्हें सशक्त बनाया: पीएम

पीएम ने कहा कि मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 के जरिए हमने उनकी जिंदगी बर्बाद होने से बचाई है। जब कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू था, तो उन्हें कई अधिकार नहीं दिए जाते थे। अगर वे राज्य से बाहर शादी करती थीं तो उनके संपत्ति के अधिकार छीन लिए जाते थे। अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद अब उन्हें देश की हर महिला की तरह समान अधिकार मिले हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए शौचालय (इज्जत घर) उपलब्ध कराकर हमने उन्हें सम्मान दिया है। हमने उनके बैंक खाते खोलकर उन्हें सशक्त बनाया है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से हमने उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नवसारी जिले में जलालपोर तहसील के वाँसी-बोरसी में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन महिलाओं का सम्मान किया।



उन्होंने राज्य के 25 हजार से अधिक स्वयंसहायता समूहों की 2.5 लाख से अधिक महिलाओं को 450 करोड़ रुपए की सहायता दी। प्रधानमंत्री ने लखपति दीदियों को आर्थिक प्रोत्साहन देकर आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से अंत्योदय परिवारों की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को वित्तीय सहायता के लिए जी-सफल तथा ग्रामीण महिलाओं के लिए स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता को जी-मैत्री योजना भी लॉन्च की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस समारोह के मंडप में खुली जीप से जनसमुदाय के बीच से गुजर कर लखपति दीदियों का अभिवादन स्वीकार किया।

## बहनों को प्रशिक्षण देने के लिए नमो ड्रोन दीदी योजना की भेंट दी



कार्यक्रम स्थल पर आयोजित 33 जिलों के विशेष सखी मंडलों की स्टॉल प्रदर्शनी तथा नवसारी जिले की विशेष रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट प्रदर्शनी भी देखी। गुजरात लाइवलीहुड प्रमोशन कंपनी लिमिटेड (ग्रामीण विकास विभाग) द्वारा आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में उपस्थित वलसाड, नवसारी एवं डांग जिलों की एक लाख महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर की विशेषता यह रही कि प्रधानमंत्री की उपस्थिति में महिला दिवस पर मंच पर लखपति दीदियों को अग्रिम पंक्ति में स्थान दिया गया। प्रधानमंत्री ने लखपति दीदी सम्मेलन में महिला पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था संभाले जाने की बात जानकर महिला सुरक्षा कर्मचारियों की सराहना की।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री के बेटियों को लखपति दीदी बनाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज बेटियाँ लखपति दीदी बनकर आत्मनिर्भरता के साथ घर-परिवार की बड़ी आर्थिक आधार बनी हैं। इतना ही नहीं; बहनों के हुनर-कौशल को नई शक्ति देकर सखी मंडलों का विचार प्रधानमंत्री ने दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ग्रामीण बहनों को ड्रोन पायलट बनाने का प्रशिक्षण देने के लिए नमो ड्रोन दीदी योजना की भेंट दी है। इस योजना के माध्यम से बहनें अब खेतों में इस ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग से खाद एवं कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कर लाखों रुपए की कमाई करने लगी हैं और लखपति दीदी बनी हैं।




4




1

# नारी केवल एक शब्द नहीं बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि का आधार है - धर्मराज मौर्य

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी। अंतर**राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम महिला सम्मेलन एवं महिला समारोह में बतौर मुख्यातिथि काशी क्षेत्र से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता ने शामिल हुए।

आयोजित सम्मेलन को जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि नारी केवल एक शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है भारतीय संस्कृत में नारी को शक्ति, ममता,और त्याग का




स्वरूप माना गया है जहां पर नारी का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है यह स्पष्ट करता है कि बहुत लंबे समय से नारी के महत्व को रेखांकित किया जाता रहा है



आज हम सब यहां अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इकट्ठा हुए हैं यह दिन न केवल महिलाओं के संघर्ष उपलब्धियां और योगदान को पहचानने के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यह हमें सोचने पर भी मजबूर करता है कि हमें महिला सशक्तिकरण को लेकर कई सारे कदम उठाने की जरूरत है मेरा सभी माता और बहनों को यही संदेश है कि वह आत्मनिर्भर बने और अपने साथ-साथ अपने परिवार का भी जीवन बदलने के लिए भी कम करें ऐसी तमाम बातों को विस्तार से बताया इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक व जिला महामंत्री ब्रम्ह प्रसाद त्रिपाठी, कार्यक्रम सहसंयोजक ज्योति केसरवानी, पूर्व जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता भोलेशंकर कुशवाहा,कविता पासी, शांति कुशवाहा,व सैकड़ों की संख्या में नारी शक्ति के रूप में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## गाजीपुर पुलिस द्वारा 2 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। पुलिस अधी**क्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त सुभेन्द्र उर्फ सुमेन्द्र उर्फ छोट्टन पुत्र रामेश्वर नि० ग्राम बड़ागांव मछरिया थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर वारंटी गोरेलाल पुत्र स्व० रामस्वरूप निषाद निवासी ग्राम पल्टू का डेरा मजरे गम्हरी थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## 60 प्रार्थना पत्रों में 42 का मौके पर किया निस्तारण





**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। पुलि**स अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर विजय शंकर मिश्र द्वारा थाना थरियांव तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों द्वारा प्राप्त जन शिकायतों की सुनवाई कर निस्तारण किया गया ।

थाना समाधान दिवस में कुल 60 प्रा0 पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 42 राजस्व से सम्बन्धित, 18 पुलिस से सम्बन्धित, प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से राजस्व टीम के साथ 01 प्रा0 पत्र तथा पुलिस से सम्बधित 02 प्रा0पत्रों का निस्तारण कराया जा चुका है। शेष प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जा रहा है ।

## जनपद के समस्त थानों पर समाधान दिवस का किया गया आयोजन, मौके पर कुल 67 प्रार्थना पत्र निस्तारित



**बाराबंकी -शनिवार को** जिलाधिकारी बाराबंकी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना जहाँगीराबाद व थाना सतरिख में जनता की समस्याएं सुनी गई व उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। थाना जहाँगीराबाद में जनसुनवाई के दौरान 4 शिकायत प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर ही 03 प्रार्थना पत्रों व थाना सतरिख पर 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया।* शेष प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मामले के निस्तारण हेतु मौके पर रवाना किया गया। इसी प्रकार समस्त क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों में प्राप्त कुल 120 प्रार्थना पत्रों में से कुल 67 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया जिसमें मौके पर 32 प्रार्थना पत्रों का व 35 का सम्बन्धित घटनास्थल पर जाकर निस्तारण कराया गया।

## अधिवक्ता से चाकू दिखाकर मोबाइल एवं रुपये छीनकर भागे बदमाश

### एक बाइक पर सवार थे तीन शातिर

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। कर्न**लगंज थाना क्षेत्र में पैदल जा रहे एक अधिवक्ता को चाकू दिखाकर मोबाइल एवं रुपये छीनकर बदमाश भाग गये। बाइक पर सवार तीन शातिर चाकू लहराते हुए फरार हो गये। अधिवक्ता ने तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ कर्नलगंज थानेमें एफआईआर दर्ज करायी है। कर्नलगंज निवासी विनोद कुमार मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह हाईकोर्ट में अधिवक्ता है। दो मार्च की रात करीब ११ बजे प्रयाग स्टेशन सेकटरा की ओर पैदल जा रहे थे। उनके मोबाइल पर किसी का काल आ गया वह जैसे ही जेब से मोबाइल निकालकर कान के पास लगाया पीछे से एक बाइक पर सवार तीन बदमाश पीड़ित को रोकते हएु चाकू दिखाया और मोबाइल तथा जेब में रखे १५ सौ रुपये लूट लिये। घटना इविवि के मेन गेट लल्लाचुंगी के बीच की है। पीड़ित ने उनका पीछा करने की कोशिश की लेकिन वह चाकू लहराते हुए बाइक से भाग गये। आरोपितों के बाइक में कोई नंबर प्लेट नहीं थी। कर्नलगंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी वैष्ठमरे खंगालकर बदमाशों की तलाश कर रही है।

## सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ डीएम एसपी ने किया पीस कमेटी की बैठक




**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी । शनिवार को** जिलाधिकारी बाराबंकी शंशाक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा आगामी त्योहारों होलिका दहन/होली व रमजान पर्व आदि के दृष्टिगत जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु धर्मगुरुओं/ सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ लोक सभागार कलेक्ट्रेट, बाराबंकी में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक की गयी। इस दौरान विभिन्न बिन्दुओं/समस्याओं पर चर्चा की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण व अन्य प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## स्मैक के साथ एक आरोपी दबोचा गया

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर स्मैक बेचने वाले आरोपी की तलाश में एक आरोपी गिरफ्तार कर स्मैक बरामद करते हुए लिखा पड़ी किया।




थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा शनिवार को अभियुक्त सरोज कुमार पुत्र माता प्रसाद निवासी पुरे समधी मजरे टिकरा पोस्ट ख्योराजपुर थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को हैदरगढ़ रोड़, मौरंग मण्डी तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया गया।

## कड़ाधाम थानाध्यक्ष की ताबड़तोड़ कार्रवाई, ओवरलोड बालू लदे ट्रक को किया सीज

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में अवैध खनन एवं परिवहन व ओवरलोड गाड़ियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थानाध्यक्ष कड़ाधाम धीरेन्द्र सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा थाना



कड़ाधाम क्षेत्र में प्रतापगढ़ से लेहदरी मार्ग पर चेकिंग के दौरान सूरज धर्म काटा जियो पेट्रोल पम्प के पास लेहदरी पर बालू लदे 01 अदद ट्रक (वढ 33 अळ 1826) को चेक किया गया तथा वाहन चालक द्वारा वाहन पर लदी बालू एवं वाहन व परिवहन से सम्बन्धित कोई प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने पर उ0नि0 कमलेश कुमार यादव थाना कड़ाधाम द्वारा उक्त वाहन का चालान अन्तर्गत धारा 207 एमबी एक्ट में सीज किया गया ।

## अवैध कच्ची देशी शराब के साथ पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। डीसीपी के निर्दे**श पर कच्ची शराब बनाने वाले के खिलाफ अभियान चलाकर घूरपुर पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर कच्ची शराब बरामद किया।

घूरपुर पुलिस टीम द्वारा को आगामी होली पर्व के दृष्टिगत अवैध कच्ची शराब का निर्माण व बिक्री करने वालों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । जिसके क्रम में चेकिंग के दौरान ग्राम बिरवल से अभियुक्त विजय निषाद पुत्र बच्चीलाल निषाद नि0 ग्राम बीरबल थाना घूरपुर , ग्राम छोटा कंजासा से अभियुक्त गिरजेश कुमार पुत्र स्व0 कुंवर चन्द्र निषाद निवासी ग्राम छोटा कंजासा , अभियुक्त मिरचाई कोल पुत्र कल्लू कोल नि0 ग्राम बीरबल , ग्राम बलापुर करमा से अभियुक्त साहिल भारतीय पुत्र रामचंद्र भारतीय निवासी ग्राम बलापुर थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया , अभियुक्त रोहित पुत्र जीत लाल निवासी ग्राम बीकर थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कच्ची अवैध देशी शराब बरामद की गयी ।

## मिशन शक्ति टीम ने स्कूली बच्चों को किया जागरूक



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी । पुलिस अधी**क्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/विद्यालय/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा विद्यालय में जाकर, थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा माता शीतला धाम मन्दिर में भ्रमण कर, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर छात्राओं/बच्चियों/महिलाओं* को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- *(1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि* के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं *(1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

## होली और रमजान को लेकर कप्तान ने पश्चिम शरीरा क्षेत्र में किया पैदल भ्रमण



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी। आगामी त्यौह**ार होली व रमजान के दृष्टिगत जनपद में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए एवं आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी अभिषेक सिंह के साथ थाना पश्चिम शरीरा अंतर्गत कस्बा पश्चिम शरीरा में पैदल गस्त की गई एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गई। भ्रमण के दौरान लोगों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। साथ ही होलिका स्थल का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर थानाध्यक्ष पश्चिम शरीरा त्रिलोकी नाथ पांडेय मौजूद रहें।

## तीन थानों के विवेचक के साथ एसपी ने विवेचना की समीक्षा किया



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी। शनि**वार को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना पश्चिम शरीरा पर थाना पश्चिम शरीरा, थाना महेवाघाट व थाना कौशाम्बी के सभी विवेचकों का अर्दली रूम किया गया। इस दौरान लम्बित विवेचनाओं के सम्यक समयबद्ध और गुणवत्तापरक निस्तारण एवं अपराध नियन्त्रण के सम्बन्ध में समीक्षा की गई एवं सभी को त्यौहार रमजान व आगामी त्यौहार होली के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी अभिषेक सिंह, उपस्थित रहे।

## जनपद में अवैध शराब के खिलाफ चला अभियान हजारों लीटर कच्ची शराब बरामद, 21 पर मुकदमा दर्ज



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।अपर पुलिस महा**निदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज व पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर व समस्त क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा स्थानों पर दबिश दी गयी। जहां से 21 अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुये कुल 932 ली0 अवैध शराब व 135 अदद पउवा देशी शराब बरामद की गयी तथा मौके से बरामद कुल 21 कुंतल लहन को नष्ट कराया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सम्बन्धित थाने पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## हुसैनगंज पुलिस द्वारा अभियुक्त गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। पुलि**स अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना हुसैनगंज पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त मन्नी लोध पुत्र सरदार निवासी लोधौरा मजरे सिहार थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## लाखों रुपए के जेवरात के साथ चोरी का आरोपी दबोचा गया



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। पुलि**स अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना सुल्तानपुर घोष पुलिस द्वारा अभियुक्त सुलेख भाट पुत्र ठाकुर प्रसाद भाट निवासी ग्राम विक्रमपुर थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर को मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित माल मशरुका 01 अदद मंगलसूत्र पीली धातु, 01 जोडी झुमका पीली धातु, 01 अदद लाकेट पीली धातु के साथ नाज भट्ठे के पास भीखमपुर जाने वाले पक्के रास्ते से गिरफ्तार किया गया ।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः**
थानाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, थाना सुल्तानपुर घोष. उ0नि0 दिलीप कुमार, थाना सुल्तानपुर घोष जिला फतेहपुर ।

## महिला से मारपीट, धमकी

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। एयरपोर्ट थाना** क्षेत्र निवासी एक महिला से ससुरालियों पर मारपीट एवं धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।
एयरपोर्ट के गौसपुर कटहुला निवासी कोमल आर्या ने पुलिस को बताया कि पीड़िता से ससुराल वालों ने मारपीट की है। आरोप है पीड़िता के श्वसुर फूलचन्द्र, सास, देवर ब्रिजेश चन्द्र व छह अज्ञात ब्रिजेश के दोस्त उन्होंने मारपीट की जिससे वह जख्मी हो गयी। जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है।

## अस्पताल गये चीफ फार्मासिस्ट की बाइक चोरी

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। काल्विन अस्प**ताल रैबीज इंजेक्शन लगवाने गये एक चीफ फार्मासिस्ट की बाइक चोरी हो गयी। पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ शाहगंज थाने में एफआईआर दर्ज करायी है। सिद्धार्थनगर गोल्हौरा सोनफेरवा निवासी प्रेम नारायण त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह राजकीय यूनानी मेडिकल कालेज चिकित्सालय प्रयागराज में चीफ फार्मासिस्ट हैं। वह बाइक से काल्विन अस्पताल रेबीज का इंजेक्शन लगवाने गये थे। वापस लौटे तो गेट नंबर एक के पास से बाइक गायब थी। पुलिस सीसीटीवी वैष्ठमरे की मदद से चोर की तलाश कर रही है।

# शांति और सौहार्द से मनाया जाये होली का त्यौहार डीसीपी

## अराजकता फैलाने वाले पर शख्त कार्यवाही की चेतावनी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज** प्रयागराज शासन की प्राथिमिकता है की होली का पर्व आपसी भाई चारा और सौहार्द से मनाया जाये इसमें अराजकता फैलाने वालो पर शख्त कार्यवाही होगी त्यौहार परम्परागत तरीके से मनाया जायेगा यह बाते सनिवार को स्थानीय पुलिस चौकी परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने कही लालगोपालगंज कस्बा संवेधनशील होने की वजह से दस दिन के अंदर तीन बार पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई सनिवार को बैठक की अगुवाई करते हुए डीसीपी कुलदीप सिंह गुनावत ने सर्व प्रथम बैठक में उपस्थित लोगो का परिचय जाना उसके बाद बताया की शासन की प्राथिमिकता है की शांति और सौहार्द के साथ पर्व को सकुशल संपन्न कराया जाये यदि आवश्यक न होतो तो मुश्लिम समुदाय को लोग सडको पर न निकले यदि किसी के ऊपर रंग पड जाता है तो उसमे प्रतिष्ठा न फसाये होली पर्व पर कोई अराजकता फैलाने की कोसिस करेगा तो उसके ऊपर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दिया है इस दौरान निन्दुरा में होलिका दहन की भूमि पर अतिक्रम का मुद्दा उठा जिसपर डीसीपी ने जिलाधिकारी को पत्राचार करते हुए समाधान की बात कही बैठक समाप्त होने के बाद डीसीपी ने होली जुलुस मार्ग का पैदल निरिक्षण किया जो पुलिस चौकी से हनुमान चौराहा होते हुए कलेक्टरगंज अंजही मोहल्ला होकर पुनः चौकी आकार समाप्त हुआ बैठक में थाना अध्यक्ष नवाबगंज अनिल कुमार मिश्रा ने कहा की होली को लेकर किसी की और कोई समस्या होतो अवगत करा दे जिसका समय रहते निस्तारण करा दिया जाये इस दौरान एसीपी सोराव जंग बहादुर यादव , प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज अनिल कुमार मिश्र , स्थानीय चौकी प्रभारी विपिन पाल , चेयरमैंन प्रदीप केसरवानी वर्तमान चेयरमैन प्रतिनिधि मुख़्तार अहमद , होली कमेटी अध्यक्ष सर्वेश केसरवानी , कमाल अरसद , मो0 ताहिर मनोज मित्तल ,व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल , रानू जयसवाल लेखपाल बाबु लाल ,रिजवान फारुकी , देवराज मौर्या , हाजी अबरार अहमद ,अदि लोग मौजूद रहें।





## फूलपुर के समाधान दिवस में 15 अर्जियां प्राप्त 5 का निस्तारण



**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। शासन के निर्देश** पर शनिवार को फूलपुर थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में कस्बा सहित विभिन्न गांवों से कुल 15 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें पांच का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जो पुलिस संबंधित थे। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित राजस्व निरीक्षक को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु शौप दिया गया। इस मौके पर एसीपी पंकज लवानिया ने कहा कि समाधान दिवस गरीबों को त्वरित और निःशुल्क न्याय दिलाने के लिए शासन द्वारा आयोजित किया जा रहा जिसकी मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय से हो रही है जिले स्तर पर जिलाधिकारी खुद निगरानी कर रहे है इस लिए जो भी शिकायती पत्र आए उसे संबंधित लोग मौके पर जाकर दोनों पक्षों के बीच गुणवत्तापूर्ण निस्तारणसमर सिंह राजस्व निरीक्षक हल्का मैलहन उक्त अवसर पर मौजूद रहे। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार गौतम ने सभी को हिदायत देते हुए कहा कि जहां राजस्व से संबंधित शिकायती पर आए उसे पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर पहुंच कर शिकायती पत्रों का निस्तारण करे अगर घर बैठे कोई फर्जी रिपोर्ट तैयार करके निस्तारण करेगा तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी। इस मौके पर अतिरिक्त निरीक्षक पारसनाथ यादव ने किया। भाजपा नेत्री सौम्या मिश्रा के अलावा आलोक कुमार भी मौके पर उपस्थित रहे। उपनिरीक्षक बिंद्रेश यादव मनोज कुमार एवं चौकी इंचार्ज फूलपुर के अलावा कस्बा चौकी इंचार्ज एवं अन्य हल्का के उप निरीक्षक तथा महिला उपनिरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

## बीएसए ने जापान गई बालिका संध्या को किया सम्मानित

### बेसिक शिक्षा में उल्लेखनीय कार्य के लिए शिक्षिकाएं, बीईओ सम्मानित

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज। बेसिक शिक्षा विभाग** की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय परिसर, मम्फोर्डगंज में मिशन शक्ति मेला तथा एवं ब्लॉक नोडल का सम्मान समारोह आज आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न ब्लाकों में मिशन शक्ति, मीना मंच तथा पावर एंजेल सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृ शक्तियों को सम्मानित किया गया।

मिशन शक्ति अभियान फेज 5 की ब्लॉक नोडल शिक्षिकाओं के अलावा सेल्फ एस्टीम कार्यक्रम के स्टेट मास्टर ट्रेनर आभा श्रीवास्तव, अतुल जायसवाल तथा शत्रुंजय शर्मा को जनपद स्तर पर कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए विशेष योगदान की प्रशंसा की गई। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने कार्यक्रम में बीईओ नगर प्रतिभा सिंह तथा भगवतपुर नीलम शाक्यवार को भी सम्मानित किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय की मीना मंच सुगमकर्ता नाजिया सुलताना तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवादा बहरिया की मीना मंच सुगमकर्ता श्वेता निर्मल, चाका से पूर्णिमा मिश्रा, मेजा से इशरत परवीन को भी सम्मानित किया गया। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने जनपदीय कार्यक्रम में जापान के सकूरा विज्ञान कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली केजीबी विद्यालय की बालिका संध्या सरोज का सम्मान जिला ने बुके, स्मृति चिह्न देकर किया। बीएसए के निर्देश पर जनपद में परिषदीय विद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा मीना मंच सुगमकर्ता, पावर एंजेल व मिशन शक्ति अभियान फेज- 5 के तहत विशेष कार्य करने वाली मातृ शक्तियों को विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से सम्मानित किया।कार्यक्रम का संयोजन संतोष तिवारी जिला समन्वयक बालिका शिक्षा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक कुमार पांडेय सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी समग्र शिक्षा ने किया । उक्त अवसर पर राजीव त्रिपाठी जिला समन्वयक एमडीएम सहित अन्य समन्वयक, अधिकारीगण, व बच्चे उपस्थित रहे। संचालन वंदना श्रीवास्तव ने किया।

## डीसीपी और एडीएम सिटी ने करैली और एयरपोर्ट थाने में की जनसुनवाई, निरीक्षण में मिला सब ओके

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज । पुलिस उपायुक्त** नगर अभिषेक भारती व एडीएम नगर द्वारा शनिवार को "थाना समाधान दिवस" के अवसर पर थाना एयरपोर्ट व थाना करैली में जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं तथा उनके शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

साथ ही उक्त दोनों थानों का औचक निरीक्षण कर जन शिकायत कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, बंदी गृह एवं कार्यालय अभिलेखों की जांच की गई, दोनों थाने में सब ठीक मिला डीसीपी ने प्रभारी निरीक्षक की प्रशंसा किया और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक करेली राजेश कुमार मौर्य, प्रभारी निरीक्षक एयरपोर्ट अरुण कुमार सिंह मौजूद रहें।




## महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है आयुर्वेद: डॉ अर्पिता सी.राज



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। अंतर्राष्ट्रीय** महिला दिवस के अवसर पर "इलाहाबाद यूनिवर्सिटी तथा स्टेट आयुर्वेद हॉस्पिटल नैनी प्रयागराज की ओर से सेमिनार एवं स्वास्थ्य शिविर अवेयरनेयस ड्राइव के रूप में यूनिवर्सिटी प्रांगण में "वूमेन्स सेंटर फॉर स्टडीज" एवं "आईसीसी" में आज आयोजित किया गया। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के डीन प्रो हर्ष ने शुभारंभ दीप प्रज्वलन किया। डॉ. अर्पिता सी राज द्वारा "महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर आयुर्वेद का सकारात्मक प्रभाव" विषय पर प्रेजेंटेशन दिया गया। डा. इंद्राणी मुखर्जी एवं डॉ. शांति चौधरी ने स्वस्थ रहने के लिए आहार विहार पर अपने विचार रखें। डॉ. जया कपूर ने महिलाओं के स्त्रियोचित गुणों को बनाए रखते हुए विनम्रता और सकारात्मक द्वारा प्रोफेशनल तथा पर्सनल लाइफ में बैलेंस बनाए रखने को महिलाओं की स्ट्रेंथ बताया।

इस अवसर पर डॉ. पद्मासन, डा. रागिनी, डॉ गुरविंदर आदि ने महिलाओं के स्वास्थ्य विषय पर अपने विचार रखते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। वार्ड बॉय शिव कुमार एवं सोनी ने संपूर्ण सहयोग प्रदान किया। छात्राओं की निःशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच चेकअप तथा औषधियां वितरित की गई।

## चोरी की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। मऊआइमा** पुलिस टीम द्वारा ज्ञानेंद्र कुमार उर्फ आशीष पुत्र सोहनलाल निवासी ग्राम सराय दत्ते (दली का पुरा) नसरतपुर थाना सोरांव के युवक को पुलिस ने मऊआइमा के गदाईपुर ओवर ब्रिज स्थित पटेल ढाबा के पास से चोरी की मोटर साइकिल कूटरचित नम्बर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि अभियुक्त ज्ञानेन्द्र कुमार उर्फ आशीष उपरोक्त द्वारा उक्त मोटर साइकिल जनपद प्रतापगढ़ से चोरी की गयी थी। पकड़े जाने के डर से मोटर साइकिल का नम्बर प्लेट कूटरचित कर प्रयोग में ला रहा था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अनुराग शर्मा, थाना मऊआइमा, आनन्द वर्मा, अमरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल ओमप्रकाश सिंह आदि शामिल रहे।



## नारी सम्मान से ही राष्ट्र का सम्मान संभव , गौरव पाण्डेय

**ब्यूरो चीफ**

**कौशांबी । शानिवार** को नगर पालिका भरवारी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी के जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने लगभग दर्जनों महिलाओं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया ! उन्होंने कहा कि महिला सम्मान ही इस देश की ताकत है जिस प्रकार से भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान नहीं किया जा रहा है! लगातार महिलाओं के साथ दुराचार हो रहा है यह बहुत ही दुःखद है हम सभी इसकी कड़ी निंदा करते हैं कांग्रेस पार्टी महिलाओं को सम्मान दिलाने को लेकर सदैव तत्पर रहेगी कार्यक्रम के आयोजक महिला नेत्री रजिया बेगम ने कहा की हमारी मां बहन बेटियां ही घर का स्वाभिमान होती हैं और देश का स्वाभिमान होते हैं उनकी रक्षा करना हम सबका दायित्व है महिलाओं के अधिकार की लड़ाई जीवन पर्यंत तक लड़ती रहूंगी ! वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व प्रदेश सचिव राम बहादुर त्रिपाठी ने कहा कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं का सम्मान करती हुई आई है जिस प्रकार से पिछले विधानसभा चुनाव में हमारे नेता प्रियंका गांधी जी ने महिलाओं को राजनीति में 60% की स्थान देते हुए लड़की हूं लड़ सकती का नारा दिया था हम कांग्रेस पार्टी के लोग नारी का सम्मान एवं नारी की रक्षा के लिए कटिबंध हैं इस दौरान जिला महासचिव संगठन प्रभारी कौशाम्बी दीपक पाण्डेय "बाबू" , जिला महासचिव मोहम्मद आरिज, जिला सचिव श्याम सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी , आलोक त्रिपाठी , मोहम्मद अब्बन , तबरेज , अजमल , अनिल सेन , रीना देवी , मधु कुमारी , कोमल देवी , पुष्पा देवी , देवी सिंह, मंजू सरोज, विमला देवी, किरण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



## प्रयागराज के परीक्षा केंद्र पर मिले 11 मोबाइल, दी तहरीर

### कुशीनगर में अंग्रेजी की कापियां गायब, केन्द्र व्यवस्थापक को जेल

### गड़बड़ी वाले परीक्षा केंद्रों के खिलाफ सख्त होगी कार्रवाई : सचिव भगवती सिंह



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। यूपी** बोर्ड के हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा के दौरान सबसे संवेदनशील जिलों प्रयागराज, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़, देवरिया, जौनपुर सहित दो दर्जन जिलों पर एसटीएफ, पुलिस और शिक्षा विभाग की नजर है।

यूपी बोर्ड परीक्षा के नवें दिन शनिवार को प्रयागराज जिले के एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के दौरान 11 मोबाइल मिलने पर संबंधित के खिलाफ एफआईआर के लिए थाने पर तहरीर दी गयी है। प्रयागराज के परीक्षा केंद्रों की जांच डीआईओएस के नौ दस्ते और यूपी बोर्ड मुख्यालय के एक दर्जन दस्ते अलग से कर रहे हैं। शुक्रवार को दूसरी पाली में जनता इंटर कॉलेज सोहसा मठिया कुशीनगर में आज सम्पन्न हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं को केंद्र व्यवस्थापक द्वारा परीक्षा केंद्र से संकलन केंद्र ले जाते समय रास्ते में खो जाना बताया गया है। परिषद द्वारा कर्त्तव्य के प्रति घोर लापरवाही को देखते हुए केंद्र व्यवस्थापक के विरुद्ध कार्रवाई और जनहित में सम्बन्धित केंद्र के परीक्षार्थियों की परीक्षा 12 मार्च को रिजर्व पेपर से पुनर्परीक्षा का निर्णय लिया गया है। उधर कुशीनगर के डीआईओएस की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित केन्द्र व्यवस्थापक को पूछताछ के बाद एफआईआर करके जेल भेज दिया है। प्रयागराज के डीआईओएस पीएन सिंह ने बताया कि आज दोनों पालियों में सकुशल परीक्षा संपन्न हुई।

इस दौरान नौ सचल दस्तों ने पहली पाली में 321 परीक्षा केंद्रों और दूसरी पाली में 334 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान करीब सात हजार परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। परीक्षा सकुशल संपन्न हुई है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने यूपी बोर्ड मुख्यालय के कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों पर बराबर निगाह रखे हुए थे। उन्होंने कहा कि जिन परीक्षा केंद्रो पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी परीक्षा के दौरान मिल रही है परीक्षा के बाद जांच कराकर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और उनको डिबार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो फर्जी कक्ष निरीक्षक पकड़े जा रहे हैं और जिन केंद्र व्यवस्थापक की संलिप्तता पाई जा रही है उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है लेकिन शिक्षा विभाग भी सख्त कार्रवाई करेगा।

## सृजन,रचनात्मकता सनातन की है आत्मा : पं अशोक पाठक

### सेवानिवृत्त डीएसपी महेंद्र प्रसाद की पुस्तक का हुआ विमोचन



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** सनातन एकता मिशन का स्थापना दिवस एवं होलिकोत्सव समारोह धूमधाम से सेवा समिति गार्डेन के प्रांगण में आज मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ पं अनूप त्रिपाठी, पं दिलीप द्विवेदी, नीरज दीक्षित, अधिवक्ता प्रवीण त्रिपाठी , भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राम रक्षा द्विवेदी, अनिल पाण्डेय ने भगवान शिव के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम की शुरूआत भजनों के साथ हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सनातन एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं अशोक कुमार पाठक ने किया। अशोक पाठक ने कहा कि सृजन एवं रचनात्मकता सनातन की आत्मा है।

इस प्रकृति की सबसे ज्यादा आनंदित करने वाले स्थिति है। इस संसार का सबसे खूबसूरत अहसास है किसी भी चीज का सृजन होता है। जब इस प्रकृति मे कोई नई चीज अस्तित्व मे आती है वह पल संभवतः दुनिया का सबसे आनंदित करने वाला क्षण होता है..। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं अशोक कुमार पाठक ने कहा कि चूंकि आज से एक दशक पूर्व सनातन एकता मिशन परिवार का गठन हुआ था , इस संस्था को आज यहां तक संस्था को पहुंचाने मे संस्था से जुड़े प्रत्येक सदस्य का अप्रतिम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि अतः अपनी संस्था से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी सनातनी सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त कर रहा हूं।

सनातन एकता मिशन ने काशी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीशचंद्र त्रिपाठी, आईपीएस अशोक शुक्ला , जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण बिहारी तिवारी , एएन आई के वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र पाठक, को अंगवस्त्रम और मोतियों की माला पहना कर सम्मानित किया।

समारोह में कलाकारों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले गीत संगीत, और नृत्य नाटिकाओं के द्वारा आये हुए अतिथियों का मनोरंजन किया गया।

संस्था उपाध्यक्ष राजेंद्र पाण्डेय ने सनातन धर्म संस्कृति पर प्रकाश डाला।संस्था की वर्ष भर की गतिविधियों पर संस्था के महासचिव विपुलेश त्रिपाठी ने विस्तार से रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त डीएसपी महेंद्र प्रसाद की सादा जीवन नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से पूर्व नगर आयुक्त मुन्नी लाल पांडेय, शैलेन्द्र अवस्थी एडवोकेट नन्हे लाल त्रिपाठी, दिवाकर त्रिपाठी, अवनीश अग्निहोत्री, आर एन शुक्ला, डॉक्टर एस के पांडेय, डॉ टी एन पांडेय, सहदेव मुखर्जी, संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती कल्पना पाठक, सत्या तिवारी, अरुणा दीक्षित, सुधीर द्विवेदी सहित अन्य लोग थे। संस्था के संरक्षक पं देवराज पाठक ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का औपचारिक समापन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन पं सीता शरण पांडेय ने किया।

## मऊआइमा पुलिस द्वारा वांछित गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। म**ऊआइमा पुलिस ने सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त यशवन्त सिंह पुत्र त्रिलोकी सिंह निवासी ग्राम धोसडा थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज हाल पता फ्लैट नं0-104 सी वाई चिन्तामणि रोड थाना जार्जटाउन कमिश्नरेट प्रयागराज को मऊआइमा क्षेत्रान्तर्गत धोसडा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक भगवान सिंह, हेड कांस्टेबल सन्त सिंह शामिल रहे।

## थरवई पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार




**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना थरवई पुलिस टीम द्वारा शनिवार को वारण्टी अभियुक्त सुनील कुमार मिश्र पुत्र सुरेन्द्र नाथ मिश्र निवासी चकिया घाट थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत उसके निवास ग्राम चकिया घाट के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

संपादक की कलम से

## अर्थव्यवस्था की चाह बनाम चुनावी दबाव

बेरोजगारी के मामले में भी बेहतर आंकड़े देखने में आए हैं। जिस एक चीज से आर्थिक जानकार सबसे ज्यादा आश्वस्त हुए हैं वह है खेती के नतीजे। खरीफ की फसल अच्छी होने के बाद अब रबी के भी रिकार्ड पैदावार की उम्मीद की जा रही है। इन्हीं सबका नतीजा है कि इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में विकास दर आधे फीसदी से ज्यादा ऊपर दिखाई देने लगा है

जिस समय शेयर बाजार गोते लगा रहा हो और निवेशकों के लाखों करोड़ देखते-देखते स्वाहा हो रहे हों, जब डालर के खिलाफ रुपए की गिरावट रोकने के लिए सरकार मुश्किल से काम आए लाखों-करोड़ों डालर बाजार में उतारे और वे भी गिरावट को न रोककर खुद स्वाहा हो जाएं और जब सोना देखते-देखते नब्बे हजार प्रति दस ग्राम को छूता नजर आए तब यह कहना बहुत जोखिम और दिलेरी का काम है कि हमारी अर्थव्यवस्था काफी समय बाद मजबूती के लक्षण दिखा रही है और उसके बुनियादी पैमाने ऊपर की दिशा का ही रुख बनाए हुए हैं। और जब मोदी राज में आर्थिक प्रबंधन के हिसाब से केन्द्रीय भूमिका वाले शक्तिकान्त दास को रिजर्व बैंक के गवर्नर पद से सेवानिवृत्त होने के बाद प्रधानमंत्री का दूसरा प्रधान सचिव बनाने जैसा अपूर्व काम हुआ हो तब यह कहना भी मुश्किल है कि सरकार को आर्थिक मोर्चे की भारी हलचलों की परवाह नहीं है। शक्तिकान्त दास कोई बहुत भारी अर्थशास्त्री न हों और न ही उन्होंने सरकार में वित्त सचिव या रिजर्व बैंक का गवर्नर रहते कोई बहुत क्रांतिकारी कदम उठाया हो लेकिन इतना तो उनके पक्ष में जाता है कि मोदी सरकार के बुनियादी स्वभाव से उनका मेल है और उन्होंने अपनी प्रशासनिक जिम्मेवारियां उसी हिसाब से निभाई हैं। मोदीजी के नोटबंदी जैसे मुश्किल और गलत फैसले के बीच अर्थव्यवस्था और मुद्रा व्यवस्था को संभालना कोई आसान काम न था।

जिस हिसाब से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने ऊटपटांग आर्थिक फैसलों से दुनिया भर में हड़कंप मचाए हुए हैं उसके बीच अपनी अर्थव्यवस्था की मजबूती के कोंपलों को संभालना और इसे एक स्वाभाविक विकास की तरफ ले जाना कोविड की तालाबंदी और नोटबंदी को संभालने से भी ज्यादा मुश्किल है। जब वैश्विक उथल-पुथल हो और बड़े जतन से बने विश्व व्यापार संगठन वाली व्यवस्थाओं को भी बेमानी बनाने का अभियान अमेरिकी राष्ट्रपति चलाएं तब निवेशकों और पूंजी का डर जाना बहुत स्वाभाविक है। बाइडन राज में अमेरिकी बांड और बैंकों की रकम पर कमाई का भरोसा बढ़ने से भी भारत समेत दुनिया भर के बाजारों से पूंजी अमेरिका गई थी। फिर चीन ने अपने निवेश नियम आसान किए और करों की छूट शुरू की तो उसने भी बड़े पैमाने पर पूंजी आकर्षित की। अब ट्रम्प द्वारा आयात पर कर बढ़ाने और कई देशों को सीधे धमकाने से बाजार में बेचैनी है। जाहिर तौर पर ऐसे वक्त निवेशक के लिए शेयर बाजार की अनिश्चितता से हटकर डालर, अमेरिकी सरकारी बांड और सोने में पैसा लगाना ज्यादा भरोसे का सौदा है। इसलिए बाजार में गिरावट के साथ डालर की महंगाई और सोने की बेतहाशा मांग बढ़ी है। वैश्वीकरण के युग में हम, खासकर बाजार इससे अछूते नहीं रह सकते।

जनवरी का विदेश व्यापार का आंकड़ा भी बताता है कि सिर्फ चालू घाटे के मामले में ही नहीं आइटम के हिसाब से भी हमारा विदेश व्यापार बेहतर हुआ है। वैश्विक स्तर पर सोने की मांग बढ़ने के के बावजूद सोना-प्रेमी भारत में आयात नहीं बढ़ा है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वैश्विक तेजी के बावजूद हमारे आयात बिल में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई है और तेल उत्पादों तथा गहनों के अलावा बाकी चीजों के निर्यात में तेजी दिखी है। महंगाई का सामान्य ग्राफ काफी समय से नियंत्रण में रहने के बाद सरकार और रिजर्व बैंक को यह भरोसा हुआ है कि लंबे समय बाद पहली बार बैंक दरों में पचीस प्वाइंट की कमी की गई। इससे लोन आसान होगा और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इस तेजी का इंतजार बाकी सभी क्षेत्रों में है और सरकार अलोकप्रियता या स्थिति हाथ से निकलने के डर से कई चीजों को रोके हुए है और अब अर्थव्यवस्था में मांग कम होने, ऋ ण मांगने वालों में कमी आने जैसे लक्षण भी दिखने लगे थे। इधर बेरोजगारी के मामले में भी बेहतर आंकड़े देखने में आए हैं। जिस एक चीज से आर्थिक जानकार सबसे ज्यादा आश्वस्त हुए हैं वह है खेती के नतीजे।

खरीफ की फसल अच्छी होने के बाद अब रबी के भी रिकार्ड पैदावार की उम्मीद की जा रही है।

इन्हीं सबका नतीजा है कि इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में विकास दर आधे फीसदी से ज्यादा ऊपर दिखाई देने लगा है जबकि दूसरी तिमाही में यह बहुत कम था। इस संकेत से यह उम्मीद मजबूत हुई है कि दुनिया में चाहे जो उठापटक चले भारत के आर्थिक विकास पर ज्यादा असर नहीं होगा। बुरा हो या अच्छा, पर अभी तक जीडीपी में विदेश व्यापार का हिस्सा ज्यादा

## महिला सशक्तिकरण से संवरता समृद्ध होता देश

अंकित तिवारी

महिला सशक्तिकरण की दिशा में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति नजर आ रही है। सरकार के महिला सशक्तिकरण प्रयासों में वित्तीय सहायता, रोजागार हेतु ऋण में प्राथमिकता व प्रोत्साहन के साथ वित्तीय साक्षरता के कार्यक्रमों ने क्रांति सी कर दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा कहा है कि हमारी आधी यानि 50 प्रतिशत प्रगति का राज महिला सशक्तिकरण में निहित है। वह लगातार आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं को शामिल करने उनके प्रशिक्षण, रोजगार हेतु ऋण, विभिन्न कार्यक्रमों से सहयोग, विक्रय विपणन में प्रयोग आदि लगातार कर रहे हैं। जिसका परिणाम है कि गत 5 वर्षों में रोजगार आदि हेतु ऋण लेने वाली महिलाओं की संख्या मे तीन गुनी वृद्धि हो गई है जो बेहद उत्साहजनक और प्रेरक है।

नीति आयोग, उद्यमिता मंच, ट्रांस यूनियन सिबिल और माइक्रो सेव कंसल्टिंग की एक अध्ययन रपट में देशभर की महिलाओं की स्थिति में वित्तीय जागरूकता व प्रगति को लेकर आए जबरदस्त परिवर्तन के आंकड़े सामने आए हैं। यह तथ्य सामने आया है कि रोजगारोन्मुख योजनाओं में महिला भागीदारी में तीन गुनी वृद्धि का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण व कस्बाई अर्द्धशहरी महिलाओं का है। रपट के अनुसार जनधन योजना के तहत 56 प्रतिशत तो मुद्रा योजना में 68 प्रतिशत महिलाओं ने ऋण प्राप्त किया है। इसी तरह अन्य कई योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी का प्रतिशत बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का मानना है कि महिलाओं का मानना है कि महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के बराबर की हो तो देश की जीडीपी यानि सकल घरेलू उत्पादन में 27 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है।

गौर करने वाली बात यह है कि उचित सरकारी समर्थन संरक्षण सहयोग के बगैर पहले महिलाएं इच्छा क्षमता रहते हुए भी आगे बढ़कर काम नहीं कर पाती थीं। घरवालों का सहयोग भी तब ढीला ढाला या कहें मुश्किल से मिल पाता था। व्यापार कारबार के लिए तो साहूकार आदि के चंगुल में भारी ब्याज पर कर्ज लेकर काम करने से सफलता नहीं के बराबर ही होती रही है।

सरकारी प्रयासों में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, सेबी और अन्य सहकारी संस्थाओं व निजी संस्थाओं के माध्यम से प्रत्यक्ष और ऑनलाईन वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम महिलाओं के लिए चलाए जाने के अपेक्षित परिणाम सामने आने लगे हैं। लगातार चल रहे इन कार्यक्रमों से महिलाओं में जागरूकता आने के साथ वित्तीय समझ और अपने दम पर रोजगार करने की हिम्मत बनी है। उन्हें लिंग आधारित भेदभाव और असमानता से मुक्ति मिलने के साथ आत्मनिर्भर बनने का आत्मविश्वास जगा है।

उल्लेखनीय है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "मन की बात" कार्यक्रम के 82 वें संस्करण में महिला सशक्तिकरण पर विशेष वार्ता की थी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी विभिन्न योजनाओं, मातृत्व संशोधन अधिनियम 2017, संविधान के अनुच्छेद 14,15 के तहत बेहतर प्रयास सरकार द्वारा किये गए। संयुक्त राष्ट्र संघ भी महिलाओं के प्रति भेदभाव खत्म करने और उनके सशक्तिकरण को लेकर दुनियाभर में विभिन्न प्रयास और जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि गत एक दशक में सरकार के अथक प्रयासों के सुखद परिणाम सामने आए हैं। महिलाएं सशक्त और संपन्न होने के साथ परिवार, समाज, देश को भी समृद्ध संपन्न सशक्त बनाने की दिशा में सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही हैं ।

# क्रूर एवं आक्रांता मुगल शासक हमारे आदर्श कैसे?

-ललित गर्ग-



मुगल बादशाह औरंगजेब की क्रूरता, अत्याचार एवं यातनाएं एक बार फिर बॉलीवुड की फिल्म छावा के कारण सुर्खियों में है। इस बार मामला सिर्फ इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति में भी गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल ला दिया है एवं देश के बहुसंख्य समाज की भावनाओं को आहत किया है। भारत में आज भी एक ऐसा वर्ग है जो इस्लामिक कट्टरता के साथ जुड़ने में गर्व एवं गौरव की अनुभूति करता है, भले ही इससे देश की एकता एवं अखण्डता क्षत-विक्षत होती हो। इस्लाम के नाम पर जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, तलवार की नोक पर बड़ी संख्या में लोगों को जबरन मुसलमान बनाया, ऐसे क्रूर एवं सांप्रदायिक शासक औरंगजेब को नेकदिल और महान शासक बताना, आखिर किस तरह की सोच है? भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिन्दू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है।

फिल्म ह्यछावाह्न कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में संभाजी के साहस, बलिदान और औरंगजेब के अत्याचारों को दिखाया गया है। संभाजी को औरंगजेब ने छलपूर्वक 1689 में क्रूरता से मरवा दिया था, जिसे फिल्म में भावनात्मक ढंग से पेश करने की सफल एवं सार्थक कोशिश हुई है। इस फिल्म में समाजवादी पार्टी के नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने इतिहास को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाते हुए औरंगजेब की तारीफ करके विवाद को और हवा दे दी। आजमी ने कहा, औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। उसने कई मंदिर बनवाए और उसके शासन में भारत सोने की चिड़िया था। आजमी ने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और संभाजी के बीच की लड़ाई धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की थी। इस तरह मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना सपा के डीएनए में है। हो सकता है आजमी का यह औरंगजेब प्रेम एवं मुस्लिम कट्टरतावादी सोच हो, लेकिन औरंगजेब ने संभाजी महाराज को 40 दिनों तक जो यातनाएं दीं, वह क्या थी? उनकी आंखें निकाली गईं, जीभ काटी गई, उनके शरीर को लहूलुहान करके उस पर नमक छिडका और फिर उनकी हत्या कर दी गई, इस तरह क्रूरता एवं बर्बरता बरतने वाले शासक को कैसे आदर्श कहा जाये? असंख्य महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार करना, जबरन धर्म परिवर्तन कराना, हिन्दू मन्दिरों को तोड़ना, देश की समृद्धि का गलत उपयोग करना कैसे प्रेरणास्पद हो सकता है?

औरंगजेब पोत राज्यों, राजपूताना और मराठा शासकों के परिवारों का अपहरण कर लेता था और उन्हें बंधक बना लेता था। ताकि वह निर्विरोध शासन करते हुए सम्पूर्ण भारत पर आधिपत्य कर सके। उसने सभी गैर-मुस्लिम प्रजा और पोत राज्यों से धार्मिक असहिष्णुता कर ह्लजजियाह्व वसूला। औरंगजेब एक असहिष्णु, क्रूर एवं कट्टरपंथी था और उसकी कट्टरता के कारण करोड़ों लोगों को कष्ट सहना पड़ा। शांति और बहुसंस्कृतिवाद की भूमि भारत में ऐसे अत्याचारी को आदर्श नहीं बनाया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब औरंगजेब जैसे मुगल शासकों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन उमड़ा हो, जब दिल्ली की एक सड़क का नाम औरंगजेब रोड से बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया था, तब भी बहुत हाय-तौबा मचाई गयी थी। उस समय भी अनेक लोगों ने औरंगजेब को महान शासक बताया था। जबकि इतिहासकारों ने भी दर्ज किया है छल से छत्रपति संभाजी को पकड़ने के बाद औरंगजेब ने अत्याचार एवं अमानवीयता की सभी हद पार करते हुए जुल्म किए। औरंगजेब छत्रपति संभाजी को इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर कर रहा था लेकिन छत्रपति ने सब प्रकार के कष्ट सहे लेकिन इस्लाम कबूल नहीं किया। जब फिल्मकार ने इस सच को सिनेमा के माध्यम से सबके सामने रखा तो अबू आजमी ने सच को स्वीकारने की बजाय इतिहास को ही झुठलाने का प्रयास किया। उनके बयान की पक्ष-विपक्ष सबने आलोचना की है। कुल मिलाकर, औरंगजेब की तारीफ करने पर चौतरफा घिरे सपा विधायक अबू आजमी को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ दो एफआईआर भी दर्ज की गई हैं जब मामला और बिगड़ गया तो अबू आजमी ने माफी मांगी। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने जो कहा, वह इतिहासकारों के हवाले से कहा। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि वे कौन से इतिहासकार हैं जिनका हवाला अबू आजमी दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि अबू आजमी सरीखे कुछ चाटुकार एवं चारण लोग इतिहासकारों में भी हुए हैं, कांग्रेस के शासन में ऐसे इतिहासकारों से मुगल शासन को महिमामंडित करके लिखवाया गया एवं स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर हिन्दुस्तान की रग-रग में उतारा गया है। औरंगजेब जैसे तानाशाही शासकों के क्रूर चेहरे को छिपाने के लिए झूठे-सच्चे कुछ किस्सों का सहारा लिया है। परंतु ये फर्जी इतिहासकार सच को छिपा नहीं सके। सिद्धांत, सच और व्यवस्था के आधारभूत मूल्यों को मटियामेट कर सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक स्तर पर कीमत वसूलने की ऐसी कोशिशों से बहुत नुकसान हो चुका है, अब इन मनसूंबों को कामयाब नहीं होने दिया जा सकता। सत्य को ढका जाता रहा है पर स्वीकारा नहीं गया। और जो सत्य के दीपक को पीछे रखते हैं वे मार्ग में अपनी ही छाया डालते हैं, भ्रम पालते हैं, झूठ एवं फरेब के सहारे गलत को सही ठहराने की कुचेष्ठा करते हैं।

शिवाजी की मृत्यु के बाद उनके बेटे संभाजी ने मराठा साम्राज्य को संभाला। उन्होंने स्वराज्य के संकल्प को ही आकार नहीं दिया बल्कि एक नवीन राज्य निर्मित किया एवं एक नवीन महत्तर महाराष्ट्र को पुनर्जीवित किया। मराठों में साहसिक वीरता, उत्कृष्ट सहनशीलता, घोर निराशा में आशा की भावना, आत्मविश्वास, उच्च आदर्शों के प्रति निष्ठा, श्रेष्ठ सैनिक नैतिक बल, आत्म बलिदान, राष्ट्रीय और देशप्रेम की उत्कृष्ट भावना जैसे गुण विकसित किए और इससे वे इतने शक्तिशाली हो गए कि आगामी 3 पीढ़ियों में वे उत्तरी भारत में विजेता के रूप में पहुंच गए। छत्रपति शिवाजी एवं उनके वंशज देश के अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की हर कोशिश को नाकाम करते रहे हैं।

औरंगजेब की क्रूरताएं सिर्फ दुश्मनों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसके शिकार उसके भाई और पिता भी हुए। इतिहासकार इरफान हबीब ने औरंगजेब की क्रूरता के अनेक किस्सों को उजागर करते हुए बताया कि मुगल सत्ता पाने की लालच में औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को जेल भिजवाया। फिर दारा शिकोह को जंग में हराया। हालांकि जंग हारने के बाद दारा मैदान छोड़कर भाग गया था। लेकिन औरंगजेब ने दारा को गिरफ्तार करवाया और षडयंत्र रचकर उसकी गर्दन कलम करवा दी। औरंगजेब सिर्फ दारा शिकोह की हत्या से खुश नहीं हुआ। उसने हत्या की बाद क्रूरता की हदें भी पार की। एक भाई के साथ ऐसी क्रूरता भारतीय इतिहास में देखने को नहीं मिलती। उसने दारा का कटा हुआ सिर जेल में बंद पिता को भेजा।

मुगल शासक औरंगजेब को लेकर महाराष्ट्र से शुरू हुई बयानबाजी की आंच समूचे देश मे पहुंच गयी है। हिन्दुओं में गहरा आक्रोश एवं रोष है। मांग उठ रही है कि मुगल सम्राट औरंगजेब को बर्बर शासक घोषित किया जाए और भारत में उसके नाम पर रखे गए सभी सड़कों और स्थानों के नाम बदलने के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाए। जैसाकि संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार ने ओसामा बिन लादेन और फ्रांसीसी व रूसी क्रांति के अवशेषों के साथ किया था। किसी भी राष्ट्र एवं समाज का निर्माण इतिहास के सच और ईमानदारी से ही बनता है। और यह सब प्राप्त करने के लिए ईमानदारी के साथ सौदा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह भी एक सच्चाई है कि राष्ट्र, सरकार एवं समाज ईमानदारी से चलते एवं बनते हैं, न कि झूठे इतिहास से। सच को झुठलाना, सच को ढ़कना एवं सच की अनभिज्ञता संसार में जितनी क्रूर है, उतनी क्रूर मृत्यु भी नहीं होती। नया भारत-विकसित भारत-समृद्ध भारत को निर्मित करते हुए हमें हमारे गौरवपूर्ण सांस्कृतिक इतिहास को जीवंतता देनी होगी एवं हमारी संस्कृति एवं इतिहास को कुचलने वाले आक्रमणकारी शक्तियों के विकृत एवं विरूप चेहरों को बेनकाब करना होगा।

प्रेषक

## हू आफ्टर औरंगजेब?'

एक बड़ा वर्ग एक ओर जहां इस बात को मानकर गदगद है कि भारत में हिन्दू राष्ट्र की स्थापना हो चुकी है क्योंकि लगभग एक हजार वर्षों के बाद कोई हिन्दू शासक दिल्ली के सिंहासन पर बैठा है, तो वहीं उसे यह देखकर दुख भी होता है कि देश के सियासी गलियारे में अब भी मुगलिया शासकों की उपस्थिति बनी हुई है। जिस प्रकार से इस्लामी शासकों द्वारा हिन्दुस्तान पर राज किये जाने की एक ऐतिहासिक क्रोनोलॉजी है, वैसे ही जैसे-जैसे नरेन्द्र मोदी प्रवर्तित वर्तमान हिन्दू शासनकाल आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे मुस्लिम शासकों की शामत आ रही है। इस्लामोफोबिया को रंग व हवा देने के लिये बाबर से शुरू कर भारतीय राजनीति को इन दिनों औरंगजेब की याद जोरों से आ रही है। सवाल यह है कि इस कथित 'जल्लाद' और 'हिन्दू विरोधी' के बाद किस शासक का नम्बर आयेगा क्योंकि उनके बाद से मुगलिया सल्तनत लगातार कमजोर हो चली थी जो बहादुरशाह जफर के बाद पूरी तरह खत्म हो गयी? औरंगजेब से जफर के बीच कोई भी उल्लेखनीय बादशाह तो हुआ नहीं, हुए भी तो इतने कमजोर कि उनके नाम भी किसी को मालूम नहीं। शुक्र है कि मुगलों के वारिस कोलकाता की झोपड़पट्टियों में जीवन बिता रहे हैं, वरना वे भी आज आलोचना के केन्द्र में होते- ध्रुवीकरण के उपकरण के रूप में।

वैसे तो मुस्लिमों को लेकर होने वाली सियासत का दौर आजादी के पहले से ही शुरू हो गया था। यह सर्वज्ञात तथ्य है कि हिन्दू महासभा और मोहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग के कारण देश विभाजित हुआ। फिर भी जब देश दो हिस्सों में बंट ही गया और जिन्ना पाकिस्तान के गर्वनर जनरल बनकर चले गये तो यहां रह गये महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू तथा कांग्रेस जिन्हें देश को बांटने का जिम्मेदार माना गया। गांधी को इसी कारण से मार डाला गया तथा नेहरू की न केवल उनके जीवन पर्यंत वरन अब तक मुसलमानों के कथित तुष्टिकरण के लिये निंदा होती है। 2014 के बाद, यानी नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में नेहरू-मुसलमान सम्बन्धों की पुस्तक में नया अध्याय यह जुड़ गया कि नेहरू के पुरखे मुसलमान थे। यानी वे ऐसे परिवार के हैं जो पहले मुस्लिम था। भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल द्वारा रचित एवं वाट्सएप विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के जरिये लोगों को ज्ञात हुआ कि उनका वंश किसी गियासुद्दीन गाजी से सम्बद्ध है। जिस देश में ज्यादातर हिन्दुओं की कई पुश्तों का विवरण प्रयागराज और हरिद्वार में उन घाटों के पंडितों के सैकड़ों वर्षों से लिखे जा रहे बही-खातों में दर्ज हैं जहां पितरों का अस्थि विसर्जन होता है, उसी देश के लोगों ने नेहरू के मुस्लिम कनेक्शन को सच मान लिया। इंदिरा गांधी के पारसी पति फिरोजशाह को भी मुस्लिम साबित करने में कोई दिक्कत नहीं आई। चूंकि राहुल व प्रियंका की मां सोनिया ईसाई परिवार से आती हैं तो इस तड़के में एक और जायका मिलाकर विमर्श आगे बढ़ा जिसके कई आयाम खुलते हैं।

1991 में देश की राजनीति में बाबर का प्रवेश गाजे-बाजे के साथ भाजपा द्वारा किया गया- अयोध्या के रामजन्मभूमि मंदिर को मुद्दा बनाकर। देश में मुगल सल्तनत की नींव रखने वाले बाबर के सेनापति मीर बाकी द्वारा इसे तुड़वाकर (1528-29) बाबरी मस्जिद बनवाई गयी थी। इसे लेकर भाजपा का रामजन्मभूमि आंदोलन हुआ। लालकृष्ण आडवाणी की सोमनाथ से लेकर निकली रथयात्रा ने देश की राजनीति का विमर्श कुछ यूं बदला कि पहले अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 3 बार (क्रमशः 13 दिन, 13 माह व पूर्णकालिक) सरकारें बनीं। इस दौरान किसी को बाबर याद नहीं आया। कभी-कभार उसका उल्लेख इन शब्दों में ही होता था कि 'काबुल में उसके मकबरे पर कोई नहीं जाता पर भारत में उसकी पूछ-परख बनी हुई है।'

## असह्य हो चला है भारत का अपमान




दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनकर आये डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले भारत के लिये हानिकारक तो हैं ही, अपमानजनक भी हैं। यह ऐसे वक्त में हो रहा है जब ट्रम्प ने दुनिया भर के खिलाफ ट्रेड वार की शुरूआत कर दी है। कारोबारी पृष्ठभूमि से आये ट्रम्प की दिलचस्पी व्यवसायों के बूते दुनिया पर राज करने में है। वे जानते हैं अब विश्व विजेता सैन्य शक्ति के बल पर सम्भव नहीं, न परम्परागत साम्राज्यवादी तरीके से दुनिया मुी में की जा सकती है। उनके इन खतरनाक विचारों को दुनिया समझ चुकी है। कुछ देश नयी परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिये खुद को तैयार कर रहे हैं। चीन जैसा देश तो न केवल व्यवसाय के स्तर पर बल्कि जरूरत पड़ी तो उससे युद्ध के मैदान में भी दो-दो हाथ करने की तैयारी कर रहा है। बहुत छोटे-छोटे देश भी अपनी सम्प्रभुता व प्रतिष्ठा को बचाने के लिये कृतसंकल्पित हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न तो खुद के सम्मान की चिंता है और न ही देश की प्रतिष्ठा की। इससे उत्साहित ट्रम्प हर रोज भारत का अपमान कर रहे हैं। अमेरिकी इरादों से निपटने की यहां कोई तैयारी नहीं दिखती।

शुरूआत करें तो ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह से। अमेरिकी राष्ट्रपति के वर्ष 2020 के चुनाव में पद की गरिमा और अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकोल को ताक पर रखकर मोदी ने अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान उनके पक्ष में यह कहकर प्रचार किया था कि 'अब की बार ट्रम्प सरकार'। उसी ट्रम्प ने 2024 का चुनाव जीतने के बाद जब पद सम्हाला तो मोदी को आमंत्रित तक नहीं किया। भारत के दुश्मन देश चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग बुलाये गये, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर गये और यहां तक कि भारत के सर्वाधिक अमीरों में से एक मुकेश अंबानी सपत्नीक आमंत्रित थे। जयशंकर कई दिनों तक मोदी के लिये आमंत्रण पाने की आस व जुगाड़ में वाशिंगटन डीसी में बैठे रहे फिर भी उन्हें नहीं बुलाया गया। तो भी मोदी ने उन्हें बधाइयां देने के लिये उद्देश्यहीन के नाम पर अमेरिका से पुराने व पॉयलेटों के लिये खतरनाक हो चुके एफ-35 लड़ाकू विमान तथा महंगी दरों पर प्राकृतिक गैस व तेल खरीदी के लिये उनके दस्तखत ले लिये।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : महिलाओं को महिलाओं का मित्र होना पड़ेगा

नीता वाजपेई



महिला दिवस आज के दौर में केवल एक औपचारिकता मात्र बनके रह गया है। महिला दिवस एक फोटोशूट से ज्यादा कुछ भी नहीं है। महिला दिवस पर हमें विशेष ध्यान देना चाहिए कि हम उन महिलाओं को आगे ले आए जो विषम परिस्थितियों से जुझती हुई आगे आईं है और अन्य महिलाओं के लिए एक मिसाल बनी है। समाज में हर स्तर पर इस तरह की महिलाएं मौजूद है लेकिन हम उन्हें ढूंढने की बजाय एक सम्मान समारोह आयोजित करके अपने कर्तव्य का निर्वहन कर लेते हैं।

हमें प्राण यह लेना चाहिए कि किसी भी परिस्थिति में किसी भी महिला को कभी भी कहीं भी आवश्यकता हो तो हम महिलाएं उसके लिए खड़ी हो और उनको सशक्त बनाने और न्याय दिलाने में हम महिलाओं की अहम्‌ भूमिका हो,तो कुछ बात बने। सबसे आवश्यक यह है कि हम महिलाओं को एक दूसरे पर भरोसा करना होगा तभी हमारी इज्जत और सम्मान दूसरा करेगा। हमें विशेष ध्यान इस बात पर देना चाहिए कि हमें महिलाओं को सशक्त और मजबूत कैसे बनाना है। आर्थिक रूप से शारीरिक रूप से कैसे वह मजबूत हो इस पर ध्यान देना है।

मैं सभी का ध्यान इस तरफ भी आकर्षित करना चाहूंगी की सरकार ने इतने सारे कानून हमारे लिए बनाए हैं जिसका प्रयोग हमें सोच समझ कर करना है ताकि कोई भी हमारे ऊपर उंगली ना उठ सके कि "हम महिलाएं उन कानूनों का फायदा उठा रही है"।

हम एक ऐसे *स्वर्णिम काल* में है जहां पर हमारी परवाह, हमारी भावनाओं की कद्र हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा व्यक्तित्व कर रहा है तो हमें सिर्फ आगे कैसे बढ़ाना है इस पर विशेष ध्यान देना है और इसकी जानकारी प्राप्त करना है। जब हमें इसकी पूर्ण रूप से जानकारी होगी तो हम सही दिशा अपनाते हुए एक उज्जवल भविष्य का निर्माण खुद का और दूसरी महिला का भी कर सकते हैं । आज हम उस कल में हैं जहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कानून में संशोधन करने के साथ विभिन्न योजनाओं के माध्यम हम महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कटिबंध है। हमें सिर्फ आगे बढ़ाना है और अपने आपको सशक्त बनाना है। हमें सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं की विशेष जानकारी महिलाओं तक पहुंचाने का कार्य करना है और उनको उनकी आवश्यकता के अनुसार वहां तक पहुंचाना है जहां से उनको आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा सुविधाएं प्रदान की जा रही है। महिलाओं को सही पेपर वर्क की जानकारी भी उपलब्ध कराना है। कहां गया है "*जब महिलाओं को सफल होने के लिए सही साधन दिए जाते हैं तो, न केवल अपने लिए बल्कि अपने आसपास के लोगों के लिए भी अविश्वसनीय भविष्य का निर्माण करती है महिलाएं।"

# समाधान दिवस पर जनपद के थाने में सुनी फरियादियों की फरियाद

## एएसपी ने कोखराज, सीओ कौशांबी पश्चिम शरीरा सीओ सिराथू ने सैनी में सुनी जनसमस्याएं







**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी। थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोख**राज थाना में एएसपी राजेश कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण हेतु सम्बंधित लेखपाल कानून गो को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि लगातार राजस्व से सम्बंधित विवाद को तत्काल निपटारा कराए यदि कोई भी लेखपाल व अन्य कर्मी की लापरवाही पाए जाने पर किसी प्रकार का विवाद बढ़ता है तो संबंधित कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही होगी। इस मौके पर सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा , प्रभारी निरीक्षक कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य ने भी सभी राजस्व से सम्बंधित मामलों में कानून गो लेखपाल वा पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मौके पर जाँच कर कार्यवाही करने को कहा

इस मौके पर सीओ सिराथू ने कहा कि फरियादियों को सही न्याय मिल सके यह राजस्व के लेखपाल की जिम्मेदारी हैं कि वह सही कार्य मे लापरवाही न बरतें कार्यो में लापरवाही न होने पाए थाना समाधान दिवस के मौके पर लगभग 6 लोगों ने अपनी समस्याओं की शिकायत दर्ज कराई जिसमें दो का मौके पर निस्तारण कराया गया।

इसी प्रकार पश्चिम शरीरा थाने में सीओ कौशांबी अभिषेक सिंह ने जनसुनवाई की।

## दिल के जज्बातों को कैनवास पर उकेरना ही आर्ट्स है : कंचन मेहरा



**नोएडा।** विमला आर्ट्स द्वारा मारवाह स्टूडियो के प्रांगण में महिला दिवस के अवसर पर एक पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया यह प्रदर्शनी दो दिन चलेगी।

इस अवसर पर मारवाह स्टूडियोज के चांसलर संदीप मारवाह ने कहा कि जिस इंसान को कला से मोहब्बत नहीं उसका जीवन अधूरा है क्योंकि यह एक ऐसा प्रेम है जो आपको प्रकृति से, ईश्वर से, और अपने आप से प्रेम करना सिखाता है जो अपने आप से प्रेम करता है वह पूरी प्रकृति से प्रेम कर सकता है ऐसा यह मेरा मानना है जहां तक महिलाओं की बात है उनके जितने भी रूप देखो वह हर रूप अलग छवि लेकर आती है क्योंकि उनके बिना घर भी अधूरा है और अब ऑफिस भी अधूरा है ये सृष्टि भी अधूरी है।

विमला आर्ट्स की संस्थापक कंचन मेहरा ने कहा की आज की महिला देवी बनाकर पूजा करवाना नहीं चाहती बल्कि चाहती है की उसे सामान अधिकार मिले उसे भी इंसान समझे व उसको इज्जत मिले कंचन मेहरा ने इस बात पर जोर दिया कि यह प्रदर्शनी न केवल समकालीन कला पर प्रकाश डालती है बल्कि समकालीन और लोक कला दोनों क्षेत्रों में उभरते और योग्य कलाकारों के लिए एक मंच स्थापित करना चाहती है।

इस दृष्टि का उद्देश्य युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान करना और छात्रवृत्ति प्राप्त करना है जो उन्हें अपने कलात्मक करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगी साथ ही उन्होंने कहा की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस वो उत्सव है जो महिला बड़े गौरव से निभाती है इसलिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विमला आर्ट फोरम दो असाधारण कला प्रदर्शनियों को प्रस्तुत किया जिसमे पिंक आयरन 3 और माटी 2. पिंक आयरन 3, जिसमें 12+ वरिष्ठ कलाकार और उनकी कलाकृतियाँ, शामिल होगी हमारे ओपन कॉल से चुने गए 45 कलाकार और 10 सदस्य कलाकार शामिल हैंसंस्थान के निदेशक दिलीप शर्मा ने बताया कि आज की महिला निसंदेह हर क्षेत्र में आगे बाद रही है और कला के क्षेत्र मई तो कमाल ही कर रही है विमला आर्ट्स संस्थान युवा कलाकारों को कला की दुनिया में उनके विकास को बढ़ावा देने के लिए एक अमूल्य स्थान प्रदान करता है आमंत्रित कलाकारों में अनवर, अशोक भौमिक, यूसुफ, हीरेन ठाकुर, श्याम बिहारी अग्रवाल (पद्मश्री), अजीत दुबे, शोविन भट्टाचार्य, बिपिन कुमार, मयूर गुप्ता, कालीचरण, कमलकांत, राजेश श्रीवास्तव, मनहर कपाड़िया, दिलीप शर्मा, सुरेश के. नायर, विश्वनाथ साबले, स्वाति, सतीश शर्मा, सतीश काले, अनूप चंद, भगत सिंह, आनंद डबली और जावेद जैसे प्रसिद्ध समकालीन कलाकार शामिल थे।

देश के प्रसिद्ध मूर्तिकार रमेश बिष्ट के साथ अरविंद सिंह, भुवनेश्वर भास्कर, पंकज तिवारी, पंकज शर्मा और विवेक दास की कलाकृतियां भी प्रदर्शित की गईं। इस समारोह में प्रख्यात कलाकार, आलोचक, पत्रकार और कला प्रेमी प्रदर्शनियों में प्रदर्शित कलात्मक यात्रा पर विचार-विमर्श करने के लिए एकत्रित हुए । इस कार्यक्रम में पारंपरिक लोक शैलियों, आधुनिक प्रयोगात्मक तकनीकों और विचारोत्तेजक विषयों की कलात्मक विविधता को प्रदर्शित किया जाएगा जो भारत की सांस्कृतिक विरासत को समकालीन अभिव्यक्तियों से जोड़ते हैं। यह विस्तारित प्रदर्शन छात्रों और कला प्रेमियों को उत्कृष्ट कृतियों से जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा, जिससे गहन कलात्मक संवाद और प्रशंसा को बढ़ावा मिलेगा। यह उभरते और स्थापित कलाकारों को व्यापक पहचान दिलाने और भारतीय कला क्षेत्र में भविष्य के सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए मंच को और मजबूत करेगा।

## सीएम योगी के आगमन को लेकर सुरक्षा चाक-चौबंद, ट्रैफिक प्लान लागू

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर गौतमबुद्ध नगर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन के इंतजाम किए गए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बैठक कर पूरे रूट प्लान को अंतिम रूप दिया, जो शनिवार सुबह से प्रभावी होगा। मुख्यमंत्री के आगमन पर हर कोने पर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिला बहनों को मार्गदर्शन दिया



**नोएड़ा।** सेक्टर 116, बीजेपी कार्यालय नोएडा में महिला मोर्चा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का बृहत स्तर पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नोएडा महानगर के विधायक पंकज सिंह और जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता की उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम में समाज में अपना विशिष्ट योगदान देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता बहनों को व जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाली महिलाओं को सम्मान किया गया साथ ही अंग दान करने की प्रेरणा देने के लिए डॉक्टर श्वेता गोयल (आँखों की स्पेशलिस्ट ) ने अपने प्रेरणादायक विचार द्वारा नेत्र दान को प्रोत्साहित किया है और कैम्प लगाया गया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में निवर्तमान आदरणीय विधायिका/महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम, प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख सुचित्रा पाठक कक्कड़ , जिला महामंत्री गिरिजा सिंह ने भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिला बहनों को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शारदा चतुवेर्दी ने की।

कार्यक्रम में महामंत्री गणेश जाटव, उमेश त्यागी, शिवानी शरद, राज श्री गुप्ता, मधु मेहरा, डॉ दीपाली दीक्षित ,शारदा सिंघल ,रेनू बाला, रेखा सिंह ,सविता सिंह, ऊषा किशोर, साइमन चौधरी ,प्राची सिंह ,ममता सिंह ,आरती जी व समस्त मंडल अध्यक्ष टीम के साथ उपस्थित रहीं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने शुरू किया अनेक कार्यक्रम - संदीप सिंह



**सबसे तेज प्रयागराज**
**जौनपुर। यूपी कालेज** वाराणसी के संस्कृत विभाग की विभागध्यक्ष,डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी और महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और ऐसे-ऐसे कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं जिनकी कुछ वर्ष पूर्व कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। आज की महिलाएं जागृत हैं और अनेक क्षेत्रों में नेतृत्व भी कर रही हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी ) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी द्वारा आर डी एस ग्रुप ऑफ कालेज, भाऊपुर, त्रिलोचन महादेव, जौनपुर में "नारी शक्ति से विकसित भारत "विषय पर आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अथिति डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं के विचारों और उनके जीवन मूल्यों से सुखी परिवार, आदर्श समाज और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है। अभी भी लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के लिए और प्रयास किए जाने की बहुत कुछ आवश्यकता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से हमारी बेटियों को सशक्त बनाने के लिए नरेंद्र मोदी की सरकार प्रतिबद्ध है ताकि हमारी बेटियां अपना वास्तविक सामर्थ्य प्राप्त कर सकें। अध्यक्षीय सम्बोधन में आर डी एस ग्रुप ऑफ कालेज के प्रबंधक संदीप सिंह ने कहा कि

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। उन्होंने ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस लैंगिक समानता पर ध्यान केंद्रित करने और उसे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार ने कई कदम उठाया है, नमो ड्रोन और लखपति दीदी आत्मनिर्भरता का एक बड़ा उदाहरण है ' नारी सशक्तिकरण के लिए लोक सभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने वाला नारीशक्ति वंदन अधिनियम महत्वपूर्ण पहल है ' कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सीबी सी वाराणसी के सहायक निदेशक, डॉ. लालजी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 अभियान का विषय है 'कार्रवाई में तेजी लाना',सामूहिक रूप से, हम लैंगिक समानता के लिए कार्रवाई में तेजी ला सकते हैं '

त्वरित कार्रवाई एक विश्वव्यापी आह्वान है, जिसका उद्देश्य उन रणनीतियों, संसाधनों और गतिविधियों को मान्यता देना है, जो महिलाओं की प्रगति पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं तथा उनके कार्यान्वयन को समर्थन और बढ़ावा देना है ' डॉ लालजी ने कहा कि

व्यक्तिगत रूप से, हम सभी अपने दैनिक जीवन में महिलाओं की प्रगति पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए कदम उठा सकते हैं '

कार्यक्रम में महिला कल्याण एवं सशक्ति करण के लिए नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा विगत दस वर्षो में शुरू किये गये कार्यक्रम, नई नीतियों एवं योजनाओं पर चित्र प्रदर्शनी भी लगायी गयी ' कार्यक्रम के शुभारम्भ में कालेज की छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली और प्रश्नोत्तरी, रंगोली, नारा लेखन और सइकिल रेसिंग प्रतियोगिता हुई ' मंचासीन अतिथियों ने अपने कर कमलों से विभिन्न प्रकार की हुई प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सीबीसी की ओर से प्रणाम पत्र और पुरस्कार प्रदान किया ' सीबीसी, लखनऊ के पंजीकृत लोक गीत कलाकार अब्दुल रशीद एंड पार्टी, और चंदन निषाद एंड पार्टी, जौनपुर ने लोक गीत विधा के माध्यम से मनोरंजन के साथ नारी सशक्तिकरण, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ पर संदेश पहुंचाया ' कार्यक्रम का संचालन डॉ. लालजी ने किया '

## सूरजपुर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, एक बदमाश घायल, एक फरार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर इलाके में पुलिस ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन से पहले बदमाशों को पकड़ने के लिए सघन चेकिंग अभियान चला रखा है। इसी दौरान बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें एक शातिर मोबाइल स्नेचर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है।

इन दोनों ने मिलकर अब तक कई वारदातों को अंजाम दिया है। थाना सूरजपुर पुलिस टीम द्वारा 130 मीटर सर्विस रोड पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, तभी एक बिना नंबर प्लेट वाली काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति तिलपता गोल चक्कर की तरफ से आते हुए दिखाई दिए। जब पुलिस टीम ने उन्हें रुकने का इशारा किया, तो वे रुकने की बजाय पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने लगे।

पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान ताजिम (38), निवासी ग्राम कलछिना, थाना भोजपुर, गाजियाबाद के रूप में हुई है। ताजिम के कब्जे से एक .315 बोर का तमंचा, खोखा कारतूस, 02 जिंदा कारतूस .315 बोर और एक काली स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई है। इसके अलावा, पुलिस को ताजिम के पास से चोरी किए हुए 5 मोबाइल फोन भी मिले हैं।

घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है। घायल बदमाश का साथी कृष्णा कुमार, निवासी ग्राम कनहोई, थाना गभाना, जिला अलीगढ़, जो वर्तमान में किराए के मकान में रह रहा था, मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान चला रही है। यह मोबाइल फोन ताजिम और उसके साथी कृष्णा कुमार ने विभिन्न जगहों से चोरी किए थे, जिसमें एक मोबाइल फोन थाना सूरजपुर पर दर्ज हुए एक मुकदमे से संबंधित है।

## पुलिस और स्नैचर बदमाशों के बीच मुठभेड़, तीन बदमाश घायल

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-126 पुलिस ने 7 मार्च को मोबाइल स्नैचिंग करने वाले तीन बदमाशों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि तीन बदमाश चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर कालिंदी कुंज की दिशा में जा रहे हैं। इस पर थाना सेक्टर-126 सवार एक व्यक्ति और एक केटीएम मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग पुलिस की चेकिंग से बचने के लिए तेजी से बैरियर को पार कर नाले की पटरी और यमुना घाट की दिशा में भागने लगे।

# उत्तर प्रदेश के युवाओं को मिलेगा संसद में जाने का मौका, होगा चयन



**गौतम बुध नगर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, द्रोणाचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा के संयुक्त तत्वधान में द्विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जो युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचारों को नीति निमार्ताओं तक पहुंचाने का अनूठा मंच प्रदान करता है। यह कार्यक्रम युवाओं को नीतिगत चचाओं, नेतृत्व विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करने का अवसर देगा। इस कार्यक्रम में गौतमबुद्धनगर जनपद के 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा भाग ले सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागियों को 'विकसित भारत हमारे लिए क्या मायने रखता है' विषय पर हिंदी अथवा अंग्रेजी में एक मिनट का वीडियो बनाकर माय भारत पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

नेहरू युवा केंद्र गौतमबुद्धनगर की जिला युवा अधिकारी स्निग्धा सिंह ने बताया कि चयन प्रक्रिया के तहत 150 युवाओं को जिला स्तरीय यूथ

पार्लियामेंट में शामिल होने का अवसर मिलेगा, जिसका आयोजन नोडल जनपद गौतमबुद्धनगर में किया जाएगा .

## जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम:

### भाषण प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक स्पर्धा में आदिवासी

**गौतमबुद्धनगर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की इकाई नेहरू युवा केन्द्र गौतमबुद्धनगर द्वारा गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 16वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना, उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना और उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करना सफल रहा। इस पहल के तहत छत्तीसगढ़ और ओडिशा के नक्सल प्रभावित जिलों झ बस्तर, बीजापुर, कांकेर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़, सुकमा और कालाहांडी से आए 220 युवा प्रतिभागियों ने इस आयोजन में भाग लिया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय एकता, पंच प्रण, विकसित भारत, नक्सलवाद से मुक्ति और शिक्षा के महत्व पर जानकारी दी। इस दौरान युवाओं को यह समझाया गया कि विकास गतिविधियों में भागीदारी और शिक्षा ही असली देशभक्ति है। बस्तर से आई आदिवासी युवती फूलमणि कश्यप ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, "भारत सरकार के इस कार्यक्रम ने हमें एक नए भारत को देखने और समझने का अवसर दिया। यह अनुभव न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि अविस्मरणीय भी है। हमें हिंसा और नक्सलवाद से दूर रहकर शिक्षा को अपना हथियार बनाना चाहिए ताकि हम विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे सकें।"

शाम को सेंट हुड कॉन्वेंट स्कूल दादरी में श ै क्ष ि क प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता में युवाओं ने अपने विचारों को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। इन प्रतियोगिताओं ने युवाओं के आत्मविश्वास, संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता को मजबूत किया।



## ताइवान के नाम पर परेशानी भड़काना जापान के लिए मुश्किलों की वजह बन सकता है : चीन

**बीजिंग ।** चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा, 'ताइवान के नाम पर परेशानी भड़काना जापान के लिए परेशानी का कारण बन सकता है।' उन्होंने जापान में उन 'कुछ लोगों' को चेतावनी दी जो इतिहास पर विचार करने से इनकार करते हैं और गुप्त रूप से ताइवान के अलगाववादियों के साथ मिलीभगत करते हैं। ग्लोबल टाइम्स रिपोर्ट के मुताबिक वांग ने यह टिप्पणी 14वीं नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के तीसरे सत्र के अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में चीन-जापान संबंधों पर क्योडो न्यूज के एक प्रश्न के उत्तर में की। वांग ने कहा कि एक-चीन सिद्धांत चीन-जापान संबंधों की राजनीतिक नींव है। हालांकि, जापान में कुछ लोग इस इतिहास पर विचार करने से इनकार करते हैं और ताइवान अलगाववादियों के साथ गुप्त रूप से सांठगांठ करते हैं। चीनी विदेश मंत्री ने कहा उन्हें याद रखना चाहिए कि ताइवान के नाम पर परेशानी भड़काना जापान के लिए परेशानी को आमंत्रित करना है। चीनी शीर्ष राजनयिक ने इस बात पर जोर दिया कि 2025, जापानी आक्रमण के खिलाफ चीनी जन प्रतिरोध की जीत की 80वीं वर्षगांठ का वर्ष है। उन्होंने कहा, इतिहास को याद रखने से भविष्य को बेहतर ढंग से आकार दिया जा सकता है।

## अमेरिका और यूक्रेन अगले सप्ताह सऊदी अरब में करेंगे शांति वार्ता : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका और यूक्रेन अगले सप्ताह सऊदी अरब में वार्ता शुरू करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में यह घोषणा की। जेलेंस्की ने कहा, अगले सप्ताह, सोमवार को, क्राउन प्रिंस से मिलने के लिए मेरी सऊदी अरब यात्रा की योजना है। उसके बाद, मेरी टीम हमारे अमेरिकी साझेदारों के साथ काम करने के लिए सऊदी अरब में रहेगी। यूक्रेन शांति में सबसे अधिक रुचि रखता है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा कि अगले सप्ताह सऊदी अरब में यूक्रेन के साथ बैठक की योजना बनाई गई है। उन्होंने यह भी कहा कि शांति समझौते की रूपरेखा और शुरुआती युद्धविराम के लिए कीव के साथ चर्चा चल रही है। विटकॉफ ने कहा कि पिछले व्हाइट हाउस में हुई दुर्भाग्यपूर्ण बैठक के बाद जेलेंस्की के पत्र से ट्रंप खुश हैं। उन्होंने कहा, उन्हें (ट्रंप को) लगा कि जेलेंस्की का पत्र एक बहुत ही सकारात्मक कदम था। इसमें माफी मांगी गई। इसमें यह स्वीकृति थी कि अमेरिका ने यूक्रेन के लिए बहुत कुछ किया है। साथ ही इसमें कृतज्ञता की भावना थी। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह संभवतः अगले डेढ़ महीने में सऊदी अरब का दौरा करेंगे, लेकिन उन्होंने तारीख का ऐलान नहीं किया।

## रियायत के बाद हमने भी अमेरिकी सामानों पर जवाबी टैरिफ को फिलहाल किया स्थगित : कनाडा

**ओटावा ।** कनाडा के वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लांक ने कहा कि कनाडा 2 अप्रैल तक अमेरिकी सामानों पर दूसरे दौर के टैरिफ को रोक देगा। लेब्लांक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, संयुक्त राज्य अमेरिका ने कनाडा से (कनाडा-अमेरिका-मेक्सिको समझौता) अनुरूप निर्यात पर टैरिफ को 2 अप्रैल तक निलंबित करने पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने बताया, कनाडा 2 अप्रैल तक अमेरिकी उत्पादों पर 125 अरब कनाडाई डॉलर के दूसरे चरण के टैरिफ को लागू नहीं करेगा, जबकि हम सभी टैरिफ को हटाने के लिए काम करते रहेंगे। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग मंत्री फ्रेंकोइस-फिलिप शैम्पेन ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा और मेक्सिको के कुछ सामानों पर टैरिफ को 2 अप्रैल तक टालने के बावजूद कनाडा के प्रतिशोधात्मक उपाय जारी रहेंगे। स्थानीय मीडिया के अनुसार, कनाडा के आधे से ज्यादा आयात इसके दायरे में नहीं आते और संभवतः उन्हें अभी भी नए टैरिफ का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि वे यूएसएमसीए के अनुरूप नहीं हैं। सीटीवी न्यूज में शैम्पेन के हवाले से कहा गया, ÷जब तक खतरा बना रहेगा, दबाव बना रहेगा। प्रधानमंत्री इस बारे में स्पष्ट हैं। इसे कारगर बनाने का एकमात्र तरीका दबाव बनाए रखना है।

## दक्षिण कोरिया : यून की गिरफ्तारी रद्द करने की याचिका स्वीकार, अदालत का राष्ट्रपति को रिहा करने का आदेश

**सोल ।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक योल की गिरफ्तारी रद्द करने की याचिका स्वीकार कर ली। इसके साथ ही उन्हें हिरासत से रिहा करने का आदेश दिया। यून को सोल के दक्षिण में उइवांग में एक हिरासत केंद्र में रखा गया है। 3 दिसंबर को मार्शल लॉ की घोषणा के जरिए विद्रोह को भड़काने के आरोप में उन्हें 15 जनवरी को वहां लाया गया था। बता दें राष्ट्रपति यून के महाभियोग मुकदमे में जल्द फैसेले का ऐलान होने वाला है। इसे लेकर संवैधानिक न्यायालय के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। पिछले महीने के अंत में कोर्ट ने 3 दिसंबर को मार्शल लॉ घोषित करने के मामले में यून के खिलाफ महाभियोग की सुनवाई पूरी कर ली और जल्द ही यह फैसला सुनाएगा कि उन्हें पद से हटाया जाए या नहीं। फैसला सुनाए जाने की सुनवाई की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। यदि यून को औपचारिक रूप से पद से हटा दिया जाता है, तो 60 दिनों के भीतर एक त्वरित चुनाव होगा। अगर महाभियोग खारिज हो जाता है, तो यून तुरंत अपने कर्तव्यों को फिर से शुरू कर देंगे। बता दें राष्ट्रपति यून ने 03 दिसंबर की रात को दक्षिण कोरिया में आपातकालीन मार्शल लॉ की घोषणा की, लेकिन संसद द्वारा इसके खिलाफ मतदान किए जाने के बाद इसे निरस्त कर दिया गया। मार्शल लॉ कुछ घंटों के लिए ही लागू रहा।

# पाकिस्तान ने अफगानी शरणार्थियों को 31 मार्च तक देश छोड़ने को कहा, अप्रैल से शुरू होगा जबरन निर्वासन

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** अवैध शरणार्थियों के खिलाफ पाकिस्तान भी अमेरिका की तरह सख्त कदम उठाने जा रहा है। पाकिस्तान ने अवैध शरणार्थियों और अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों को 31 मार्च तक देश छोड़कर जाने को कहा है। निर्धारित समय के भीतर अगर उन्होंने स्वेच्छा से पाकिस्तान नहीं छोड़ा तो उन्हें 1 अप्रैल से जबरन निर्वासित किया जाएगा। यह निर्णय सरकार के अवैध विदेशी वापसी कार्यक्रम (आईएफआरपी) का हिस्सा है, जो शहबाज शरीफ सरकार ने 1 नवंबर 2023 से लागू किया था। समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने घोषणा की है कि सभी अफगान नागरिकता कार्ड धारकों और अवैध विदेशी नागरिकों को 31 मार्च 2025 तक देश छोड़ना होगा। जो लोग इस समय सीमा के भीतर स्वेच्छा से वापस नहीं लौटेंगे, उनके 1 अप्रैल 2025 से जबरन निर्वासन



की प्रक्रिया शुरू होगी। गृह मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि निष्कासन की प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान अपनी सीमा में हो रहे आतंकवादी हमलों और अपराधों के लिए लगातार अफगान नागरिकों को दोषी ठहरा रहा है। इन आरोपों के आधार पर साल 2023 में पाकिस्तान सरकार ने अवैध अफगान शरणार्थियों को वापस भेजने का अभियान शुरू किया था। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 2023 के बाद से अब तक 8 लाख से अधिक अफगानी पाकिस्तान से अफगानिस्तान लौट चुके हैं। पाकिस्तान ने लगभग 2.8 करोड़ अफगान शरणार्थियों को शरण दी है। अफगानिस्तान में पिछले 40 साल से जारी संघर्षों के दौरान ये शरणार्थी अलग-अलग समय पर पाकिस्तान पहुंचे हैं। खास बात यह है कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद लाखों अफगान नागरिकों ने पड़ोसी देशों का रुख किया जिनमें सबसे ज्यादा संख्या में पाकिस्तान और ईरान पहुंचे। पाकिस्तान में पहले से ही लगभग 30 लाख अफगान शरणार्थी थे, जो 80 के दशक में आए थे। तालिबान की वापसी के बाद 6 लाख से अधिक नए शरणार्थी पाकिस्तान पहुंचे।

## दोबारा गृहयुद्ध की चपेट में आता सीरिया, सुरक्षाबल व असद समर्थकों में खूनी संघर्ष

**एजेंसी**

**दमिश्क।** सीरिया एकबार फिर गृहयुद्ध की चपेट में है। देश के नये शासन और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद समर्थकों के बीच गुरुवार को शुरू हुआ खूनी संघर्ष लगातार जारी है। इस टकराव में अबतक करीब 200 लोगों की जान जा चुकी है। दिसंबर में विद्रोहियों ने असद को सत्ता से हटा दिया था, जिसके बाद से पहली बार सीरिया में हिंसा का यह दौर शुरू हुआ है। 14 साल तक गृहयुद्ध की आग में जले सीरिया में पिछले साल तब शांति का दावा किया जा रहा था जब इस्लामी समूह हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व वाले विद्रोही समूह ने देश की सत्ता पर कब्जा कर लिया। पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद ने देश छोड़कर रूस में शरण ली। हालांकि चंद महीने बाद ही दोबारा हिंसा शुरू हो गई।

समाचार एजेंसी सना के मुताबिक सरकारी सुरक्षा बलों ने तटीय शहर जबलेह के पास एक वांछित व्यक्ति को हिरासत में लेने की कोशिश की और असद समर्थकों ने इसका विरोध करते हुए सुरक्षाबलों पर हमला कर दिया।



जिसके बाद से सुरक्षा बल के जवान, पूर्व राष्ट्रपति असद समर्थकों पर हमले कर रहे हैं। खासतौर पर उन इलाकों में सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई चल रही है जहां असद समर्थक और उनके परिवार का गढ़ है। सीरिया के तटीय प्रांत लातकिया में सुरक्षा बलों और बंदूकधारियों के बीच ऐसा ही खूनी टकराव हुआ जिसमें 70 लोगों की मौत हो गई।

# नेपाल की ओली सरकार ने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र को अपने दायरे में रहने की दी नसीहत

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह की बढ़ती सक्रियता और देशभर में उनके पक्ष में सड़कों पर हो रहे प्रदर्शन के बीच केपी शर्मा ओली की सरकार ने उन्हें अपने दायरे में रहने की नसीहत दी है। सरकार ने कहा है कि अब देश में राजतांत्रिक व्यवस्था का लौटना संभव नहीं है।लोकतंत्र को समाप्त करने की साजिश की जाएगी तो किसी भी कीमत पर उसको सफल नहीं होने दिया जाएगा।

कुछ दिनों पहले नेपाल के प्रजातंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र ने देशवासियों के नाम वीडियो संदेश जारी करते हुए उन्हें समर्थन देने की अपील की थी। इसके बाद से ही उनके समर्थक दल देशभर में प्रदर्शन कर रहे हैं। राजधानी काठमांडू सहित कई शहरों में हुए प्रदर्शन के बाद इस पर सरकार ने अब प्रतिक्रिया दी है।नेपाल सरकार के प्रवक्ता पृथ्वी सुब्बा गुरुंग ने पत्रकार वार्ता में कहा कि पूर्व राजा और उनके समर्थकों द्वारा सड़क पर उछलकूद करने से देश में राजतंत्र



दोबारा स्थापित नहीं हो सकता है। उन्होंने पूर्व राजा को चेतावनी देते हुए कि उनको अपने दायरे में रहना चाहिए। पूर्व सूचना तथा संचार मंत्री रहे गुरुंग ने कहा कि यदि देश में लोकतंत्र को समाप्त करने की साजिश की जाएगी तो किसी भी कीमत पर उसको सफल नहीं होने दिया जाएगा।

पूर्व राजा के पक्ष में बढ़ते जनसमर्थन पर कटाक्ष करते हुए सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि देशवासियों को पूर्व राजा के झांसे में नहीं आना चाहिए। जो व्यक्ति अपने परिवार और दरबार की सुरक्षा नहीं कर सकता, उसे देश की सुरक्षा के बारे में बोलने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि नेपाल एक उदार लोकतांत्रिक देश है। इसके कारण पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह सम्मान और सरकारी सुरक्षा के साथ देश में रह रहे हैं।

# बांग्लादेश में कुछ भी मुमकिन : आवामी लीग नेता के घर पर हमले से लोगों में नाराजगी

**एजेंसी**

**ढाका ।** ढाका के एक पॉश इलाके में इस सप्ताह की शुरुआत में आवामी लीग के एक नेता के घर पर आधी रात को हुए हमले के बाद से लोग खासे नाराज हैं। पुलिस की निष्क्रियता और राजनीति से प्रेरित हमलों को लेकर वे मोहम्मद युनूस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर निशाना साध रहे हैं। यह घर तनवीर इमाम का था। वह एच टी इमाम के बेटे हैं, जो अपदस्थ बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना के सलाहकार थे। बुधवार को 100 से ज्यादा लोगों की भीड़ [जिसमें मुख्यतः छात्र बताए जा रहे हैं] ने फ्लैट में तोड़फोड़ की। उन्होंने आरोप लगाया कि घर अंदर अवामी लीग के कार्यकर्ता छिपे हुए हैं और आसपास कहीं अवैध हथियारों और नकदी का एक बड़ा जखीरा भी छिपा हुआ है। हालांकि, तलाशी के बाद उन्होंने कुछ नहीं मिलने की बात स्वीकार की। सोशल मीडिया पर युवाओं के नेतृत्व में भीड़ द्वारा अवामी लीग विरोधी नारे लगाने और इमारत में तोड़फोड़ करने के वीडियो वायरल हो गए। ढाका पुलिस ने बाद में कहा कि उसने घटना के सिलसिले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन कई लोगों ने दावा किया कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को तथाकथित 'तलाशी अभियान' के बारे में पहले से ही पता था और वे इसे पहले ही रोक सकते थे।

भीड़ का नेतृत्व बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ सदस्य कर रहे थे, जिन्हें कथित 'खुफिया जानकारी' मिली थी कि अवामी लीग के नेताओं ने अपने घर में हथियारों का जखीरा छिपा रखा है। बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट बीडीन्यूज24 ने रिपोर्ट के



मुताबिक कुछ घंटों बाद उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ भी नहीं मिला। इस घटना पर बांग्लादेशी मानवाधिकार कार्यकर्ता आसिफुर रहमान चौधरी ने एक्स पर लिखा, 'फिल्मी अंदाज में, उन्होंने अपार्टमेंट का दरवाजा तोड़ा, घर में घुसे और सबकुछ लूट लिया। अब, कोई पूछ सकता है- राजधानी के एक पॉश इलाके में ऐसा कैसे संभव है? बांग्लादेश में, इन दिनों कुछ भी संभव है क्योंकि सरकार खुद ही ऐसी हरकतों को सही ठहराती है।'

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : बांग्लादेश में बढ़ रही महिलाओं के खिलाफ हिंसा, चौंकाने वाले आंकड़ों ने खोली यूनुस सरकार की पोल

**एजेंसी**

**ढाका ।** बांग्लादेश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के आंकड़ों ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत देश की गंभीर वास्तविकता को उजागर किया है। विश्व शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, लेकिन बांग्लादेश के हालात परेशान करने वाले हैं।बांग्लादेश महिला परिषद की अध्यक्ष फौजिया मोस्लेम ने कहा, समाज अराजकता की ओर बढ़ रहा है, जहां आपराधिक दंड से मुक्ति बढ़ रही है। कानून प्रवर्तन की नाकामी, जवाबदेही की कमी अपराधियों को मजबूत बना रही है। प्रमुख बांग्लादेशी समाचार पत्र द डेली स्टार से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यदि पूरा समाज जागरूक नहीं हुआ तो इस संकट से निपटना बेहद मुश्किल होगा।

फौजिया मोस्लेम ने कहा, 'न्याय की जगह बातचीत ने ले ली है, जिससे महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने वालों और व्यवस्था का शोषण करने वालों को अधिक शक्ति मिल रही है।' उन्होंने कहा कि आत्मसंतुष्टि, अधिकारियों की चुप्पी, [जिसमें नेतृत्वकारी भूमिका में महिलाएं भी शामिल हैं], और कानून के प्रति सामान्य उपेक्षा, ये सभी महिलाओं के प्रति बढ़ती दुश्मनी को बढ़ावा दे रहे हैं। देश में कानून व्यवस्था की हालत पिछले अगस्त में सत्ता परिवर्तन के बाद से बेहद खराब है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी बढ़ोतरी



दर्ज की गई है। ढाका स्थित मानवाधिकार सांस्कृतिक फाउंडेशन (एमएसएफ) की एक रिपोर्ट से पता चला है कि फरवरी 2025 में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा की 295 घटनाएं दर्ज की गईं, जो जनवरी की तुलना में 24 अधिक हैं। देश के प्रमुख दैनिक 'द ढाका ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया कि इस्लामी कट्टरपंथी समूह, आतंकवादी और अन्य चरमपंथी तत्व इन घटनाओं में स्पष्ट भूमिका निभाते हैं, जिससे महिलाओं की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा होता है।

विभिन्न व्यवसायों से जुड़ी कुल 21 महिलाओं ने स्थानीय मीडिया को बताया कि पिछले तीन महीनों में उन्हें घर के बाहर यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। ढाका में रहने वाली 19 से 48 वर्ष की आयु की इन महिलाओं ने सड़क पर उत्पीड़न के कई मामलों की सूचना दी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें डर है कि विरोध करने पर वे भीड़ का निशाना न बन जाए। ढाका स्थित मानवाधिकार संगठन ऐन ओ सलीश केंद्र के अनुसार, फरवरी में देश में 46 महिलाएं बलात्कार की शिकार हुईं। पीड़ित 22 18 वर्ष से कम आयु की थीं। जनवरी में यह संख्या 39 थी, जिसमें 15 नाबालिग शामिल थीं। बांग्लादेश में हाल के महीनों में विरोध प्रदर्शनों में उछाल देखा गया है। गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग बढ़ रही है जिन्हें कई लोग देश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए जिम्मेदार मानते हैं।

## पाक-अफगान तोरखम सीमा पर तनाव, बॉर्डर नहीं खुलने से बढ़ सकती है काबुल की परेशानी, यूएस एजेंसी की चेतावनी

**एजेंसी**

**काबुल ।** विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने चेतावनी दी कि तोरखम सीमा के बंद रहने से, आने वाले हफ्तों में अफगानिस्तान में खाद्य पदार्थों की कीमत बढ़ने की संभावना है, जिससे व्यापार प्रवाह बाधित हो सकता है और आर्थिक कठिनाइयां बढ़ सकती हैं। अमू टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक डब्ल्यूएफपी ने एक बयान में कहा कि निर्माण गतिविधियों को लेकर विवाद की वजह से बॉर्डर 22 फरवरी से बंद है जिसके कारण जरूरी चीजों, विशेष रूप से खाद्य आपूर्ति की आवाजाही रुक गई है और 5,000 मालवाहक ट्रक फंस गए हैं।डब्ल्यूएफपी के नवीनतम बाजार विश्लेषण के अनुसार, पिछले सप्ताह अफगानिस्तान में खाद्य पदार्थों की कीमतों में मामूली उतार-चढ़ाव देखा गया। चावल और चीनी की कीमतों में मामूली वृद्धि हुई है, जबकि अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट आई है, जिसका मुख्य कारण अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अफगानी मुद्रा में 0.8फीसदी की वृद्धि है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में, बाजार के रुझान मिश्रित बने हुए हैं - कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट आई है, लेकिन खाना पकाने के तेल और नमक की कीमतें काफी अधिक बनी हुई हैं। डब्ल्यूएफपी ने चेतावनी दी कि विस्तारित सीमा बंद होने से खाद्य आयात में और बाधा आ सकती है, जिससे दीर्घकालिक मुद्रास्फीति दबाव बढ़ सकता है। लाखों अफगान पहले से ही खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। एजेंसी ने बाजार स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए स्थिर व्यापार मार्गों की आवश्यकता पर जोर दिया।

# ईरान ने ब्रिटिश राजदूत को तलब किया, 'तेहरान विरोधी' रुख पर जताया विरोध

**एजेंसी**

**तेहरान ।** ईरान ने ब्रिटेन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हाल ही में अपनाए गए 'तेहरान विरोधी' रुख के खिलाफ ब्रिटिश राजदूत ह्यूगो शॉर्टर को तलब किया।

ईरान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि ब्रिटिश दूत को ब्रिटिश अधिकारियों के ईरान के खिलाफ लगाए गए निराधार आरोपों पर विरोध जताने के लिए बुलाया गया।ईरानी विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा, ब्रिटिश दूत को वरिष्ठ ब्रिटिश अधिकारियों के ईरान के बारे में निराधार दावों और उनके इस आरोप के खिलाफ विरोध जताने के लिए बुलाया गया था कि तेहरान ब्रिटेन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना चाहता है। बैठक के दौरान, सहायक विदेश मंत्री अलीरेजा यूसुफी ने ब्रिटिश अधिकारियों के रुख की आलोचना करते हुए कहा, 'ब्रिटिश



अधिकारियों के पक्षपाती रुख और निराधार दावे अंतर्राष्ट्रीय कानून और कूटनीतिक मानदंडों के खिलाफ हैं, और इससे ईरानी लोगों में ब्रिटेन की नीतियों के प्रति अविश्वास बढ़ेगा।' उन्होंने ब्रिटिश सरकार से अपील की, 'ईरानी राष्ट्र के प्रति अपने असंरचनात्मक दृष्टिकोण (अनकंस्ट्रक्टिव अपरोच) पर पुनर्विचार करें और इसे संशोधित करें। साथ ही इस बैठक के दौरान ईरानी विदेश मंत्रालय के सहायक मंत्री अलीरेजा यूसुफी ने ब्रिटिश अधिकारियों से अपील की कि वे अपने दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करें और इसे अधिक संरचनात्मक और कूटनीतिक बनाएं। ब्रिटिश राजदूत ह्यूगो शॉर्टर ने कहा कि वह अपनी सरकार को ईरान के विरोध से अवगत कराएंगे। इससे पहले, ब्रिटेन की संसद में ब्रिटिश सुरक्षा मंत्री डैन जार्विस ने बयान दिया था, मैं पूरे ईरानी राज्य को, जिसमें उसकी खुफिया सेवाएं, इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स और खुफिया मंत्रालय शामिल हैं, आगामी फॉरेन इंफ्लूएंस रजिस्ट्रेशन स्कीम में रखूंगा। उन्होंने यह भी कहा, ब्रिटेन में लक्ष्यों के खिलाफ ईरान द्वारा प्रत्यक्ष कार्रवाई हाल के वर्षों में बढ़ी है, और आरोप लगाया कि ईरान असंतुष्टों, मीडिया संगठनों और पत्रकारों को निशाना बना रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघेई ने इन दावों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया और ब्रिटेन से अपने असंरचनात्मक दृष्टिकोण को बदलने की अपील की।

# दक्षिण कोरिया : फाइटर जेट ने अपने ही इलाकों में गिराए बम, 15 नागरिकों सहित 29 घायल

**एजेंसी**

**सोल ।** दक्षिण कोरिया में एक फाइटर जेट ने नागरिक क्षेत्रों में गलती से बमबारी की जिसमें कई लोग घायल हो गए। दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस सप्ताह के शुरू में एक उत्तरी गांव में हुई इस बमबारी में 15 नागरिकों सहित कुल 29 लोग घायल हो गए हैं। दो केएफ-16 लड़ाकू विमानों ने सोल से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर में पोचियोन में एक प्रशिक्षण रेंज के बाहर लाइव-फायर अभ्यास के दौरान %असामान्य रूप से% आठ एमके-82 बम गिराए, जिसके परिणामस्वरूप कई लोग घायल हो गए और इमारतों को नुकसान पहुंचा। मंत्रालय ने बताया कि बमबारी में 15 नागरिक और 14 सैन्यकर्मी घायल हो गए, जिनमें छह विदेशी भी शामिल हैं। इनमें से दो दक्षिण कोरियाई नागरिक गंभीर रूप से घायल हुए हैं।बयान के मुताबिक घायल हुए छह विदेशियों में चार थाई, एक नेपाली और एक म्यांमार का नागरिक शामिल है। इन सभी को मामूली चोटें आई हैं।

मंत्रालय के अनुसार, सात नागरिकों, जिनमें एक थाई और एक म्यांमार नागरिक शामिल हैं, और दो सैनिकों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। तीन बमों पास के सैन्य अड्डे के अंदर गिरे जिसके चलते कुछ सैन्यकर्मी घायल हो गए। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, कार्यवाहक रक्षा मंत्री किम सोन-हो ने दुर्घटना के लिए माफी मांगी। क्षतिग्रस्त संपत्ति की मरम्मत करने और मुआवज़ा प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास करने का वचन दिया गया। उन्होंने एक बयान में कहा, ÷पूरी जांच के माध्यम से, (हम) दुर्घटना के कारण को स्पष्ट रूप से निर्धारित करेंगे और ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक उपाय करेंगे। मंत्रालय ने नोगोक-री के बमबारी वाले गांव में बचाव प्रयासों का समर्थन करने के लिए एक तदर्थ समिति का गठन किया गया है। इस बीच, बमबारी के प्रति अपेक्षाकृत धीमी प्रतिक्रिया के लिए सेना की आलोचना हो रही है। घटना के एक मिनट बाद रिपोर्ट मिलते ही अग्निशमन अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। लेकिन ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ को घटना पर अपनी पहली रिपोर्ट करीब 20 मिनट तक नहीं मिली। एक प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि पायलट की गलती से यह बमबारी हुई, क्योंकि उड़ान भरने से पहले जेट पायलटों में से एक ने लक्ष्य के निर्देशांक गलत तरीके से दर्ज किए थे।

## रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने रात में 31 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया

**एजेंसी**

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रात रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने 31 यूक्रेनी ड्रोन को रोक दिया और उन्हें नष्ट कर दिया। मंत्रालय ने कहा,कल रात ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 31 यूक्रेनी मानव रहित हवाई वाहनों को रोका और उन्हें नष्ट कर दिया।इसने कहा कि क्रास्नोडार क्षेत्र में 26 ड्रोन, ब्रांस्क क्षेत्र में तीन तथा लेनिनग्राद और यारोस्लाव क्षेत्रों में एक-एक ड्रोन को मार गिराया गया।

## अमेरिका में 15 साल में पहली बार हत्यारे को फायरिंग दस्ते ने दिया मृत्युदंड

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हत्या के एक दोषी को फायरिंग दस्ते ने मृत्युदंड दिया। दक्षिण कैरोलिना के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि 15 वर्षों में यह अपनी तरह का पहली मौत की सजा है। दक्षिण कैरोलिना सुधार विभाग ने एक बयान में कहा, ब्रैड कीथ सिगमन की मौत की सजा आज रात को एस.सी. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार और राज्य के कानून के अनुसार पूरी की गई। शाम 6:05 बजे तीन लोगों की फायरिंग स्काड ने गोली मारकर उसे मौत की सजा दी। शाम 6:08 बजे एक चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# ट्रेन दुर्घटना के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ लाया गया एक और अविश्वास प्रस्ताव गिरा

**एजेंसी**

**एथेंस ।** ग्रीस की घातक ट्रेन दुर्घटना की दूसरी वर्षगांठ के एक सप्ताह बाद, प्रधानमंत्री काइरियाकोस मित्सोताकिस की सरकार के खिलाफ इस मुद्दे पर लाया गया एक और अविश्वास प्रस्ताव गिर गया।

प्रस्ताव पर मतदान तीन दिनों की बहस के बाद हुआ। विपक्षी दलों ने 2023 की रेल दुर्घटना से निपटने के सरकार के तरीके की तीखी आलोचना की। विपक्षी दलों ने सत्तारूढ़ प्रशासन पर रेलवे क्षेत्र में व्यवस्थागत मुद्दों को हल करने में नाकाम रहने और पीड़ित परिवारों को पर्याप्त सहायता प्रदान नहीं करने का आरोप लगाया। यह दूसरी बार है जब सरकार को इस दुर्घटना की वजह से अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा। 28 मार्च, 2024 को भी विपक्षी दलों ने इसी तरह का प्रस्ताव पेश किया, जिसमें सरकार पर रेलवे प्रणाली में सुधार की उपेक्षा करने का आरोप लगाया गया। संसद में मित्सोताकिस की न्यू डेमोक्रेसी (एनडी) पार्टी के बहुमत से वह प्रस्ताव भी गिर गया था। यह दुखद हादसा 28 फरवरी, 2023 को मध्य ग्रीस के टेंपी के पास हुआ था। हादसे में 57 लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों लोग घायल हुए थे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना से जनता में व्यापक आक्रोश फैला। पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हुए, रेलवे सुरक्षा सुनिश्चित करने में सरकार की नाकामी से लोग खासे नाराज थे। चार विपक्षी दलों ने बुधवार को संयुक्त रूप से अविश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिसमें सरकार पर दुर्घटना की जांच को ठीक से न करने और वादा किए गए सुधारों को पूरा करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया गया।मजबूत विपक्ष के बावजूद, सत्तारूढ़ एनडी पार्टी ने प्रस्ताव को गिराने के लिए अपने संसदीय बहुमत का इस्तेमाल किया। 300 संसद सदस्यों (एमपी) में से 293 ने 'रोल-कॉल' वोट में भाग लिया। 157 ने प्रस्ताव के खिलाफ और 136 ने पक्ष में मतदान किया। सभी एनडी सदस्यों ने सरकार के समर्थन में मतदान किया, जबकि प्रत्येक विपक्षी सांसद ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष वोटिंग की। मित्सोटाकिस ने समापन भाषण में अपनी सरकार के कार्यों का बचाव किया। उन्होंने रेलवे सुरक्षा में सुधार के लिए उठाए गए कदमों पर जोर दिया, जैसे कि नई तकनीकें शुरू करना, कर्मचारियों के प्रशिक्षण को बढ़ाना और दुर्घटना के कारणों की गहन जांच करना। हालांकि, मित्सोताकिस के भाषण से विपक्षी दलों या जनता का गुस्सा शांत नहीं हुआ। बहस के दौरान, नेआ एरिस्टेरा (न्यू लेफ्ट) पार्टी से मान्यता प्राप्त पांच लोगों ने गैलरी से पर्चे फेंककर और नारे लगाकर सत्र को बाधित किया। पिछले त्रासदी की दूसरी वर्षगांठ के बाद से, ग्रीस और विदेशों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं, जिसमें सरकार से जवाबदेही और अधिक प्रभावी सुधारों की मांग की गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एथेंस और थेसालोनिकी में झड़पें हुईं, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान संसद के बाहर गैसोलीन बम और फ्लेयर्स फेंके।

# दिल्ली में सांड के हमले से सिक्योरिटी गार्ड की दर्दनाक मौत



**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में आवारा सांड ने एक सिक्योरिटी गार्ड को मौत के घाट उतार दिया। सांड को हमला करते देख आस पास के लोगों ने उन्हें बचाने की बहुत कोशिश की। लेकिन सांड ने उन पर भी हमला कर दिया। सांड के ताबड़तोड़ हमले से लोगों ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। हालांकि इस दौरान कुछ लोगों को मामूली चोटें आई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल गार्ड को पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस ने सांड को पकड़ने के लिए दिल्ली नगर निगम को सूचित कर दिया है। मृतक की पहचान (60 वर्षीय) अशोक कुमार के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के साथ अलीपुर इलाके में रहते थे, और वे सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। उनके बेटे दीपक ने बताया कि शुक्रवार सुबह में पापा रात की ड्यूटी करके पैदल ही घर आ रहे थे। पिता के घायल होने की सूचना मिलते ही वह घटनास्थल पर पहुंचे, जहां पता चला कि वहां घूम रहे आवारा सांड ने उनपर हमला किया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि नीचे गिरने के बावजूद अशोक ने खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन सांड उनपर सींग और पैर मारकर लगातार हमला करता रहा। सांड को हमला करते देखकर आस पास रहे मौजूद लोग उन्हें बचाने के लिए आगे आए, लेकिन सांड ने उन लोगों पर हमला कर दिया। लोग खुद को बचाने के लिए भागे।

इस दौरान गिरने से कुछ लोगों को चोटें आई। लोगों ने सांड पर पत्थर और लाठी से हमला कर उसे दूर भगाया और पुलिस को घटना की जानकारी दी। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वालसन ने बताया कि सुबह करीब सवा छह बजे हादसे के बारे में जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अशोक को अचेतावस्था में देखा और पास के अस्पताल में लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने सांड पकड़ने के लिए नगर निगम को सूचित कर दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस इलाके में आवारा पशु सड़कों पर घूमते रहते हैं। नगर निगम की टीम कभी भी इसपर कोई कार्रवाई नहीं करती है। आए दिन आवारा पशु भी लोगों पर हमला करते रहते हैं।

## आजादपुर मंडी में रेहड़ी पटरी और अवैध कब्जे की वजह से लगता है जाम



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी में 7 मार्च सी ब्लॉक एंट्री गेट से लेकर बी ब्लॉक डी ब्लॉक और ए ब्लॉक में भारी जाम देखने को मिला है। आज इस जाम को खुलवाने के में आजादपुर मंडी ग्रुप में चौबीसों घंटे अलर्ट रहने वाले दीपक सैनी ने कड़ी मशक्कत की। दीपक सैनी ने बताया कि रोड पर रेहड़ी पटरी वालों के कब्जे की वजह से मंडी परिसर में भारी जाम लग जाता है।

मंडी एपीएमसी के मेंबर व टमाटर एसोसिएशन के प्रधान अशोक कौशिक ने भी जाम खुलवाने में काफी पसीना बहाया। अशोक कौशिक ने बीचों-बीच रोड पर पान का खोखा लगाकर बैठे पनवाड़ी से पूछा कि एपीएमसी कर्मचारियों को कितने पैसे देता है जोकि बीचों-बीच रोड पर पान का खोखा लगाकर बैठा है। दरअसल डी ब्लॉक बिजली ट्रांसफार्मर चौक पर पपीता सेब संतरा केला लौकी तोरी पुदीना हरा धनिया बेचने वाले लोग पूरे रोड पर कब्जा करके बैठे हैं। जिसकी वजह से ट्रक मेटाडोर चैंपियन ई रिक्शा जैसे वाहन निकल नहीं पाते इसी वजह से मंडी परिसर में जाम की स्थिति बनी रहती है। समाजसेवी और आलू के आड़ती संदीप खंडेलवाल ने कहां के इस मंडी के गेटों पर अवैध वसूली और रोडों पर रेहड़ी पटरी वालों का जमावड़ा लगा रहेगा तब तक जाम से निजात नहीं मिल सकती।

## डब्ल्यूटीसी ग्रुप फ्रॉड केस - ईडी ने प्रवर्तक आशीष भल्ला को गिरफ्तार किया, छह दिन की हिरासत में भेजा




**नई दिल्ली।** गुरुग्राम की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को डब्ल्यूटीसी ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रमोटर आशीष भल्ला को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छह दिनों की हिरासत पर भेज दिया।

ईडी ने भल्ला को बड़े पैमाने पर रियल एस्टेट धोखाधड़ी और हजारों निवेशकों को ठगने के मामले में गिरफ्तार किया है।

भल्ला को ईडी के गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत डब्ल्यूटीसी फरीदाबाद इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और अन्य से जुड़े 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है।

सरकारी एजेंसी ने बताया कि सबूतों से छेड़छाड़ रोकने और पीएमएलए, 2002 के तहत कार्यवाही को विफल करने के लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच जारी है।

ईडी ने फरीदाबाद पुलिस, दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) और अन्य कानूनी एजेंसियों द्वारा दर्ज की गई 30 से अधिक एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी।

एजेंसी ने बयान में कहा कि इन एफआईआर में भारतीय दंड संहिता, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षडयंत्र के तहत कई अपराधों को अंजाम देने का आरोप लगाया गया है। इन एफआईआर में फरीदाबाद और अन्य स्थानों से विभिन्न निवेशकों से सैकड़ों करोड़ रुपये की धनराशि एकत्र करके रियल एस्टेट परियोजनाओं को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया गया है। ईडी की जांच से पता चला कि डब्ल्यूटीसी ग्रुप डब्ल्यूटीसी ब्रांड के तहत पांच प्रमुख परियोजनाएं चला रहा था और प्लॉट/वाणिज्यिक स्थान में निवेश के बदले में सुनिश्चित रिटर्न का वादा करके लोगों से पैसा हासिल किया था। इस पैसे को कई शेल कंपनियों में स्थानांतरित कर दिया गया और अलग-अलग स्थानों पर जमीन हासिल करने के लिए भेज दिया गया।

ईडी की जांच में यह भी पता चला है कि सैकड़ों करोड़ रुपये विदेश में सिंगापुर में संदिग्ध संस्थाओं को भेजे गए, जिनका स्वामित्व भल्ला के परिवार के सदस्यों के पास है। आगे की जांच में पता चला है कि डब्ल्यूटीसी ग्रुप ने हरियाणा, यूपी, चंडीगढ़, गुजरात, पंजाब आदि जैसे कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न निवेशकों से 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्रित की थी और इसमें से अधिकांश पैसे का उपयोग कभी भी विकास के लिए नहीं किया गया।

ईडी जांच के अनुसार, भल्ला ग्रुप की धोखाधड़ी गतिविधियों का एक प्रमुख लाभार्थी और मास्टरमाइंड है और उसने इस योजना के माध्यम से अवैध पैसा कमाया है। ईडी ने 27 फरवरी को तलाशी अभियान चलाया, जिसके दौरान भल्ला फरार रहा और उसने जांच में सहयोग न करने के लिए प्रमुख व्यक्तियों को प्रेरित भी किया।

## पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पैरा खेलों का उद्घाटन किया




**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को त्यागराज स्टेडियम में 6वें तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) पैरा खेलों का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय खेल आयोजन भारत के अग्रणी तेल एवं गैस सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू) के पैरा-एथलीटों की उल्लेखनीय दृढ़ता और उपलब्धियों का जश्न मनाता है। सभा को संबोधित करते हुए, मंत्री ने एथलीटों द्वारा प्रदर्शित दृढ़ संकल्प और दृढ़ता की भावना की सराहना की और पैरा-एथलीटों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने वाले समावेशी मंचों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, "ओएनजीसी पैरा गेम्स समावेशिता और विकास के लिए सहभागी दृष्टिकोण का एक शानदार उदाहरण है। प्रत्येक संस्करण के साथ, ये खेल मजबूत होते जा रहे हैं, अधिक भागीदारी और अधिक मान्यता प्राप्त कर रहे हैं। मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि इस साल, विभिन्न तेल और गैस पीएसयू के 350 से अधिक पैरा-एथलीट प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, अपनी ताकत, कौशल और अदम्य भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं।"

पुरी ने आगे कहा कि प्रत्येक एथलीट की यात्रा के पीछे धैर्य और जीत की कहानियां सभी के लिए प्रेरणा का काम करती हैं। उन्होंने कहा, "ये उपलब्धियां केवल पदकों के बारे में नहीं हैं; वे सफल होने की अदम्य इच्छाशक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। मुझे विश्वास है कि प्रत्येक प्रतिभागी अमूल्य अनुभव, मजबूत सौहार्द और जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने की और भी बड़ी प्रेरणा लेकर जाएगा।"

पीएसयू के बीच पैरा गेम्स के आयोजन में ओएनजीसी की अग्रणी भूमिका को मान्यता देते हुए, पुरी ने अन्य निगमों से खेलों और सामाजिक समावेशिता को बढ़ावा देने में सक्रिय पहल करने का आग्रह किया।

भारतीय पैरालंपिक समिति के सहयोग से आयोजित ओएनजीसी पैरा गेम्स ने पिछले कुछ वर्षों में तेजी से विकास देखा है। 2017 में पहले संस्करण में 120 ओएनजीसी कर्मचारियों ने एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और व्हीलचेयर रेस सहित कई विषयों में प्रतिस्पर्धा की थी।

ओएनजीसी और उसके साझेदार पीएसयू के कई पैरा-एथलीट पैरालंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, जिससे देश का नाम रोशन हुआ है। ओएनजीसी पैरा गेम्स की निरंतर सफलता भारत में पैरा-स्पोर्ट्स की बढ़ती प्रमुखता और मान्यता को रेखांकित करती है।

## आदर्श नगर जन औषधि दिवस पर विधायक राजकुमार भाटिया ने किया निरीक्षण




**नई दिल्ली।** भाजपा विधायक राजकुमार भाटिया ने जन औषधि दिवस पर आदर्श नगर जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया। विधायक राजकुमार भाटिया ने लाभार्थियों से बातचीत भी की। उन्हें औषधि केंद्र की जेनेरिक दवाइयों की गुणवत्ता और किफायती दामों के बारे में बताया।

भटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र की दवाइयां बहुत उच्च गुणवत्ता की हैं और जरूरतमंद मरीजों के लिए काफी कम खर्च पर उपलब्ध है। इन सभी केंद्रों पर हर बीमारी के इलाज की दवा मिलती है। लाभार्थियों ने कहा कि इन जनऔषधि केन्द्र से उन्हें काफी राहत मिली है,और सस्ती दवाईयां उपलब्ध हो पा रही हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी की महत्वकांक्षी और जनउपयोगी योजना के कारण सभी दवाइयों की कीमतों में 30 से 80 परसेंट की कमी आई है साथ ही इलाज सहज उपलब्ध हुआ है। इस दौरान अरुणोदय गुप्ता,गौरव गुप्ता,प्रदीप राणा,और तिलक सिंह के अलावा और भी भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी 11-12 मार्च को करेंगे मॉरीशस का दौरा : विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11-12 मार्च को मॉरीशस का दौरा करेंगे और मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, "प्रधानमंत्री मोदी 11 और 12 मार्च को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए मॉरीशस में रहेंगे।

यह समारोह 12 मार्च को मनाया जाएगा।

भारतीय नौसेना के एक जहाज के साथ भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी भी समारोह में भाग लेगी।" जायसवाल ने कहा, "प्रधानमंत्री ने आखिरी बार 2015 में मॉरीशस का दौरा किया था। आगामी यात्रा के दौरान, पीएम मोदी मॉरीशस के राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री से मिलेंगे। वह देश के महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ कई अन्य बैठकें करेंगे।"

पिछले महीने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने देश की संसद को प्रधानमंत्री मोदी की आगामी यात्रा के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने संसद को संबोधित करते हुए कहा, "मुझे सदन को यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरे निमंत्रण पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे राष्ट्रीय दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि बनने पर सहमति व्यक्त की है।"

मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने आगे कहा, "यह वास्तव में हमारे देश के लिए एक विशेष सम्मान की बात है कि हम ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी कर रहे हैं, जो अपने व्यस्त कार्यक्रम और हाल ही में पेरिस और अमेरिका की यात्रा के बावजूद हमें यह सम्मान दे रहे हैं।

## मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास को 'सुप्रीम राहत', गैंगस्टर एक्ट मामले में सशर्त जमानत



**नई दिल्ली ।** पूर्वांचल के पूर्व बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे और उत्तर प्रदेश की मऊ विधानसभा सीट से विधायक अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को बड़ी राहत मिली। शीर्ष अदालत ने गैंगस्टर मामले में उन्हें कुछ शर्तों के साथ जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट से जमानत के बाद अब्बास अंसारी का जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने अब्बास अंसारी को जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी निर्धारित की हैं, जिनका उन्हें पालन करना होगा।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने कहा है कि वह ट्रायल कोर्ट के स्पेशल जज की पूर्व अनुमति के बिना उत्तर प्रदेश नहीं छोड़ सकते। उन्हें लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास पर रहने का निर्देश दिया गया है।

इसके अलावा, यदि अब्बास अंसारी मऊ में अपने निर्वाचन क्षेत्र की यात्रा करना चाहते हैं, तो ट्रायल कोर्ट और जिला पुलिस से पूर्व अनुमति की आवश्यकता होगी। अदालत ने अंसारी को यह भी निर्देश दिया कि वह विचाराधीन मामलों के संबंध में कोई सार्वजनिक बयान न दें।

## दिल्ली के समयपुर बादली में नशीले पदार्थ बनाने की फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में दिल्ली पुलिस को उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली जब उसने शहर में संचालित हेरोइन बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए चार तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह फैक्ट्री बाहरी उत्तरी दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में चल रही थी, जहां पुलिस ने 3 मार्च को छापा मारा था।

डीसीपी आउटर नॉर्थ) निधिन वलसन ने बताया कि हाल ही में एक ड्रग निर्माण इकाई पर छापा मारा गया था, जिसमें हेरोइन बनाने में इस्तेमाल होने वाले ड्रग्स और रसायन जब्त किए गए। डीसीपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान नदीम खान नाम के शख्स को गिरफ्तार किया गया। साथ ही मौके से 508 ग्राम हेरोइन, 4 किलोग्राम सोडियम, 5 किलोग्राम एसिटिक एनहाइड्राइड और अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की गईं है।

डीसीपी ने बताया कि यह भंडाफोड़ एक विस्तृत जांच अभियान का परिणाम था, जिसमें सम्पूर्ण ड्रग सप्लाई चेन का पता चला। इससे पहले 2 अप्रैल 2024 को राजेंद्र उर्फ युसूफ (43) को 520 ग्राम हेरोइन और 5 लाख रुपए नगदी के साथ गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि इसके दो दिन बाद 4 अप्रैल को आगे की जांच में (30 वर्षीय) भूरे की गिरफ्तारी हुई, जिसके पास से 100 ग्राम हेरोइन बरामद हुई और 5 अप्रैल को एक अन्य छापेमारी में (40 वर्षीय) नवाब सलाम को दबोचा गया,जिसके कब्जे से 108 ग्राम हेरोइन जब्त की गई है। डीसीपी ने बताया कि इसके बाद इस गिरोह के सदस्यों की विस्तृत तरीके से जांच की गई जो पुलिस को हेरोइन बनाने की फैक्ट्री तक ले गई।

जिसके बाद वहां से इस फैक्ट्री के संचालक नदीम खान को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने कहा कि पिछले साल गिरफ्तारी से पहले भी यूसुफ एनडीपीएस अधिनियम के दो मामलों में शामिल रहा था, भूरे पर भी इस कानून के तहत एक मामला दर्ज था, जबकि वहीं नवाब चार मामलों में शामिल पाया गया था।

साथ ही अधिकारी ने बताया कि नदीम खान भी आदतन अपराधी है और उस पर भी एनडीपीएस एक्ट में मामले दर्ज हैं।

## भाजपा सरकार की 250 से ज्यादा मोहल्ला क्लीनिक बंद करने की तैयारी: 'आप'




**नई दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन ने दिल्ली की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा मोहल्ला क्लीनिक बंद करने की योजना बना रही है, जिससे दिल्ली की जनता को बड़ा नुकसान हो सकता है।

उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान दिल्ली में 550 से ज्यादा मोहल्ला क्लीनिक खोले गए थे, जहां इलाज, दवाई और टेस्ट मुफ्त किए जाते थे।

जैन ने आरोप लगाया कि अब भाजपा सरकार 250 से ज्यादा मोहल्ला क्लीनिक बंद करने की तैयारी कर रही है, जो दिल्ली की जनता के लिए हानिकारक होगा। उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में सरकारी जमीन नहीं है, वहां किराए पर जमीन लेकर मोहल्ला क्लीनिक चलाना कोई गलत बात नहीं है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि दिल्ली के कई सरकारी कार्यालय किराए पर चल रहे हैं, तो फिर मोहल्ला क्लीनिक क्यों नहीं चल सकते वहीं, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने 6 मार्च को मोहल्ला क्लीनिक बंद करने का आदेश जारी किया था। मंत्री ने बताया कि करीब 250 मोहल्ला क्लीनिक किराए के मकान में चल रहे हैं, जिनमें से कई केवल कागजों पर ही चल रहे हैं। इन क्लीनिकों को हर महीने 20 से 25 हजार रुपए किराया दिया जा रहा था, साथ ही बिजली का खर्च अलग से होता था। इस प्रक्रिया में भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया गया है। मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि ये मोहल्ला क्लीनिक भ्रष्टाचार के अड्डा बन गए हैं। इसी कारण इन क्लीनिकों को बंद कर दिया जाएगा। दिल्ली सरकार ने अब सरकारी जमीन पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुरू करने की योजना बनाई है। स्वास्थ्य मंत्री ने आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार पर आरोप लगाया कि उसने दिल्ली की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद किया है।

## कांग्रेस की नीतियों पर अमित मालवीय ने उठाया सवाल, अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता देने का विवाद

**नई दिल्ली ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने कांग्रेस की नीतियों पर तीखा हमला बोला है। इस पोस्ट में मालवीय ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के एक बयान को आधार बनाते हुए कांग्रेस पर अल्पसंख्यकों, खासकर मुस्लिम समुदाय, को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया है।इसके साथ ही उन्होंने कर्नाटक की कांग्रेस की नीतियां संविधान के मूल ढांचे और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ हैं।

## ब्रिटेन में ऐसी ताकतों को मिला लाइसेंस - सुरक्षा में सेंध पर भारत

**नई दिल्ली, ।** भारत ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यस्था के उल्लंघन के बारे में अपनी गहरी चिंता से यूके के अधिकारियों को अवगत कराया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

ब्रिटेन स्थित खालिस्तानी चरमपंथियों ने बुधवार देर शाम लंदन के चैथम हाउस के बाहर विदेश मंत्री जयशंकर के काफिले को रोकने की कोशिश की, जिसकी न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में कड़ी निंदा की गई।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, "हमने विदेश मंत्री की यात्रा के दौरान यूके स्थित अलगाववादी और चरमपंथी तत्वों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के उल्लंघन के बारे में यूके के अधिकारियों को अपनी गहरी चिंता से अवगत कराया है।"

जायसवाल ने कहा, "इस घटना का एक बड़ा संदर्भ है। यह ऐसी ताकतों को मिले लाइसेंस को समाने लाती है। साथ ही यह घटना इन ताकतों की धमकी और यूके में हमारी वैध राजनयिक गतिविधियों को बाधित करने के उद्देश्य से की गई इनकी अन्य कार्रवाइयों के प्रति उदासीनता को भी सामने लाती है। हालांकि हमने इस मामले पर यूके विदेश कार्यालय की ओर से जारी बयान को देखा है, लेकिन इसकी ईमानदारी के बारे में हमारा विचार इस और पिछले अवसरों पर दोषियों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर निर्भर करेगा।"

ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने गुरुवार को इस घटना पर खेद व्यक्त करते हुए कहा था कि सार्वजनिक कार्यक्रमों को 'डराने, धमकाने या बाधित करने' का कोई भी प्रयास 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' है।यह पहली बार नहीं है कि भारत विरोधी और कट्टरपंथी तत्वों ने लंदन में प्रदर्शन, हमले या तोड़फोड़ किए हों।मार्च 2023 में, खालिस्तानी तत्वों की ओर से लंदन में भारतीय उच्चायोग में उत्पात मचाने के बाद नई दिल्ली ने कड़ा विरोध दर्ज कराया था। विदेश मंत्रालय ने यूके अधिकारियों से ब्रिटिश सुरक्षा की पूर्ण अनुपस्थिति के लिए स्पष्टीकरण मांगा था, जिससे खालिस्तानी हुड़दंगियों को उच्चायोग परिसर में प्रवेश करने का मौका मिला।

पूर्व भारतीय विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने एक्स पर लिखा, "ब्रिटिश खालिस्तानी चरमपंथियों को उनकी भारत विरोधी गतिविधियों के लिए दी गई यह स्वतंत्रता अस्वीकार्य है। शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार के सुविधाजनक बहाने से ब्रिटेन ऐसे तत्वों को दी जाने वाली जगह के बारे में हमारे बार-बार विरोध को अनदेखा करते रहे हैं।"विदेश मंत्री जयशंकर ने कई मौकों पर खालिस्तानी चरमपंथियों की आलोचना की है जो कनाडा, ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित कई देशों में स्वतंत्रता कानूनों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

संरक्षक: संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक: रिजवान सैफ खान

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,

सह संपादक: राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी